11113CH10

# वित्तीय विवरण – 2

**9**

> **अधिगम उद्देश्य**
>
> इस अध्याय के अध्ययन के उपरांत आप:
>
> - वित्तीय विवरण तैयार करते समय समायोजन की आवश्यकता को समझ सकेंगे;
> - अदत्त तथा पूर्वदत्त व्यय, उपार्जित तथा अग्रिम प्राप्त आय के लेखांकन व्यवहार को विस्तार से समझ सकेंगे;
> - ह्रास, डूबत ऋण, संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान और देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान से संबंधित समायोजनों पर तर्क कर सकेंगे;
> - प्रबंधक कमीशन तथा पूँजी पर ब्याज की अवधारणा तथा समायोजन को समझ सकेंगे;
> - लाभ–हानि खाता तथा तुलन–पत्र समायोजन सहित तैयार कर सकेंगे;
> - वित्तीय विवरणों का शीर्ष प्रस्तुतिकरण कर सकेंगे।

अध्याय 9 में आपने अंतिम खाते बनाने की प्रक्रिया का अध्ययन व्यापारिक और लाभ व हानि खाता तथा तुलन–पत्र के प्रारूप से किया। साधारण अंतिम खातों का निर्माण व्यावसायिक प्रचालन प्रक्रिया में लेखांकन जटिलताओं की अनुपस्थिति, जो कि व्यापार में समान्य है, के पूर्वानुमान पर आधारित होता है। यह जटिलताएं आय तथा वित्तीय स्थिति के निर्धारण हेतु उपार्जन आधार पर होने वाले तथ्यों के कारण उत्पन्न होती हैं। इससे आश्य है कि लाभप्रदता के निर्धारण के लिए आय जो कमाई जा चुकी है, के आधार पर करना चाहिये न कि प्राप्ति के आधार पर तथा व्ययों का निर्धारण उत्पत्ति के आधार पर किया जाना चाहिये न कि भुगतान के आधार पर। इसलिए अनेक मदों को वित्तीय विवरण बनाते समय कुछ समायोजन की आवश्यकता होती है। इस अध्याय में हम उन सभी मदों का अध्ययन करेंगे जिनमें समायोजन की आवश्यकता है, साथ ही यह भी जानेंगे कि किस तरह इन्हें अंतिम खातों में समायोजित किया जाता है।

## 9.1 समायोजन की आवश्यकता

लेखांकन के उपार्जन परिकल्पना के अनुसार एक लेखांकन वर्ष लाभ अथवा हानि की गणना, आगम की रोकड़ के रूप में वसूली, तथा वर्ष के दौरान भुगतान किए गए व्ययों पर आधारित नहीं है क्योंकि चालू वर्ष के दौरान कुछ ऐसी आय प्राप्तियाँ एवं भुगतान किये गए व्यय हो सकते हैं जो आंशिक रूप से गत वर्ष अथवा आगामी वर्ष से संबंधित हों। ऐसा भी हो सकता है कि चालू वर्ष से संबंधित कुछ आगम तथा व्यय जिसे लेखा पुस्तकों में दर्शाना बाकी है। इसलिए जब तक कि इन मदों का समायोजन नहीं हो जाता तब तक अंतिम खाते, एक व्यापार की वास्तविक तथा उचित अवस्था को प्रदर्शित नहीं करेंगे।

© NCERT not to be republished

अब हम एक उदाहरण लेते हैं जिसमें 1,200 रूपये की राशि का भुगतान 1 जुलाई 2016 को बीमा प्रीमियम के लिये किया गया। आप जानते हैं कि किसी भी सामान्य बीमा प्रीमियम का भुगतान सामान्यतया 12 महीने की अवधि के लिये किया जाता है। मान लेते हैं कि लेखांकन वर्ष का अंत 31 मार्च 2017 को होगा। इससे आश्य है कि 1 जुलाई, 2016 को भुगतान किए गए बीमा प्रीमियम का 1/4 भाग आगामी लेखांकन वर्ष 2017-18 से संबंधित है। इसलिए 2016-17 का वित्तीय विवरण बनाते समय बीमा प्रीमियम पर किए गए व्यय को 900 (1200 रु. – 300 रु.) रुपये लाभ-हानि खाते के नाम लिखे जायेंगे।

अब हम एक अन्य उदाहरण लेते हैं। मार्च 2017 माह के वेतन का 7 अप्रैल 2017 को भुगतान किया गया। इससे आशय है कि 2016-17 के वेतन खाते में मार्च 2017 का वेतन शामिल नहीं है। इस प्रकार के भुगतान न किये गये वेतन को *बकाया वेतन* कहेंगे तथा इस राशि को लाभ-हानि खाते के नाम पक्ष की ओर अप्रैल 2016 से लेकर फरवरी 2017 तक भुगतान किये गये वेतन के साथ पुस्तकों में लिखा जाएगा। इसी प्रकार कुछ अग्रिम प्राप्त आय तथा वह आय जो उपार्जित हो चुकी है परन्तु अभी भी प्राप्त होनी बाकी है का समायोजन भी आवश्यक हो सकता है। इसके अतिरिक्त यहाँ कुछ मदें जैसे कि परिसंपत्तियों पर ह्रास, पूँजी पर ब्याज आदि, जो कि दिन-प्रतिदिन अभिलेखित नहीं की जाती है, को भी वित्तीय विवरण तैयार करते समय समायोजित किया जाता है। अनेक समायोजनों का उद्देश्य अंतिम खातों द्वारा एक व्यवसाय की लाभ-हानि की गणना तथा वित्तीय स्थिति का सच्चा चित्र प्रस्तुत करना होता है। वह मदें जिन्हें आमतौर पर समायोजन की आवश्यकता होती है निम्न हैं:

1 अंतिम स्टॉक
2 बकाया व्यय
3 पूर्वदत्त/असमाप्त व्यय
4 उपार्जित आय
5 अग्रिम प्राप्त आय
6 ह्रास
7 डूबत ऋण
8 संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान
9 देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान
10 प्रबंधक कमीशन
11 पूँजी पर ब्याज

वित्तीय विवरण बनाते समय यह ध्यान देने योग्य है कि जिन मदों का समायोजन करना है उनका वर्णन तलपट के साथ अतिरिक्त सूचनाओं के रूप में उपलब्ध होता है। सभी समायोजन अंतिम खातों में दोहरी प्रविष्टि को पूरा करने के लिए दो स्थानों पर किये जाते हैं। अध्याय 9 में वर्णित उदाहरण में जो कि अंकित के तलपट को दर्शाता है। चित्र 9.1 में पुन: प्रदर्शित किया गया है:

**31 मार्च 2017 को अंकित का तलपट**

| *खाता शीर्षक* | *तत्व* | *ब.पृ.सं.* | *नाम राशि (रु.)* | *जमा राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| रोकड़ | परिसंपत्ति | | 1,000 | |
| बैंक | परिसंपत्ति | | 5,000 | |
| मजदूरी | व्यय | | 8,000 | |
| वेतन | व्यय | | 25,000 | |
| फर्नीचर | परिसंपत्ति | | 15,000 | |
| भवन का किराया | व्यय | | 13,000 | |
| देनदार | परिसंपत्ति | | 15,500 | |
| डूबत ऋण | व्यय | | 4,500 | |
| क्रय | व्यय | | 75,000 | |
| पूँजी (समता) | | | | 12,000 |
| विक्रय | आगम | | | 1,25,000 |
| लेनदार | दायित्व | | | 15,000 |
| (1-4-2014 का लिये) दीर्घ अवधि ऋण | दायित्व | | | 5,000 |
| प्राप्त कमीशन | आगम | | | 5,000 |
| | | | 1,62,000 | 1,62,000 |

*अतिरिक्त सूचनायें :* 31 मार्च 2017 को स्टॉक 15,000 रु. का है।

**चित्र *9.1:*** *अंकित का तलपट*

अब हम समायोजन की जाने वाली मदों का अध्ययन करेंगे और आप देखेंगे कि किस प्रकार से यह समायोजन, वित्तीय स्थिति तथा लाभ-हानि खाते का सच्चा चित्रण प्रस्तुत करने में सहायक होते हैं।

## *9.2* अंतिम स्टॉक

जैसा कि अध्याय 8 में समझाया गया है, अंतिम स्टॉक एक लेखांकन वर्ष के अंत में भण्डार गृह में रखे हुए बिना बिके माल के मूल्य को दर्शाता है। अंतिम स्टॉक से संबंधित समायोजन निम्न प्रकार से किया जाएगा:

(i) व्यापार तथा लाभ-हानि खाते में जमा पक्ष की ओर; तथा

(ii) तुलन-पत्र में परिसम्पत्ति पक्ष की ओर दर्शाया जाएगा।

© NCERT not to be republished

इस संदर्भ में जो समायोजन प्रविष्टि अभिलेखित की जायेगी, वह है:

अंतिम स्टॉक खाता नाम
व्यापारिक खाते से

वर्ष का अंतिम स्टॉक, आगामी वर्ष के तलपट में आरंभिक स्टॉक के रूप में दर्शाया जाएगा। 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष में अंकित का व्यापार और लाभ व हानि खाता तथा तुलन-पत्र में निम्न प्रकार दर्शाया जाएगा:

**वर्षान्त *31* मार्च *2017* के लिये अंकित का व्यापार तथा लाभ-हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानि* | *राशि (रु.)* | *आगम/अधिलाभ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| क्रय | 75,000 | विक्रय | 1.25,000 |
| मजदूरी | 8,000 | अंतिम स्टॉक | 15,000 |
| **सकल लाभ आ/ला** | 57,000 | | |
| | 1,40,000 | | 1,40,000 |
| वेतन | 25,000 | सकल लाभ आ/ले | 57,000 |
| भवन का किराया | 13,000 | प्राप्त कमीशन | 5,000 |
| डूबत ऋण | 4,500 | | |
| निवल लाभ (अंकित के पूँजी खाते में हस्तांतरित) | 19,500 | | |
| | 62,000 | | 62,000 |

कभी-कभी आरंभिक तथा अंतिम स्टॉक को क्रय खाते के द्वारा समायोजित किया जाता है। इस स्थिति में निम्न प्रविष्टि अभिलेखित की जाएगी:

अंतिम स्टॉक खाता नाम
क्रय खाते से

यह प्रविष्टि क्रय खाते की राशि को घटाती है तथा इसे *समायोजित क्रय* भी कहते हैं। इस मद को व्यापारिक और लाभ व हानि खाते के नाम पक्ष की ओर दर्शाया जाता है। इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि अंतिम स्टॉक को व्यापार और लाभ व हानि खाते में नहीं दर्शाया जाएगा क्योंकि इसे पहले से ही क्रय खाते में समायोजित किया जा चुका है। केवल इस स्थिति में ही नहीं अपितु आरंभिक स्टॉक भी व्यापार और लाभ व हानि खाते में पृथक रूप से नहीं दर्शाया जाएगा। जैसा कि निम्न प्रविष्टि द्वारा पहले ही क्रय खाते में समायोजित किया गया है:

क्रय खाता नाम
आरंभिक स्टॉक खाते से

इस संदर्भ में अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु यह है कि जब आरंभिक एवं अंतिम स्टॉक क्रय खाते द्वारा समायोजित किया जाता है तो तलपट में आरंभिक स्टॉक को नहीं दर्शाया जाता। अपितु अंतिम स्टॉक को तलपट में दर्शाया

© NCERT not to be republished

जाएगा (अतिरिक्त सूचना और समायोजित मद के रूप में नहीं) और इस प्रकार समायोजित क्रय को भी। इस प्रकार की स्थिति में आपको याद रखना चाहिये कि समायोजित क्रय, व्यापारिक और लाभ व हानि खाते में नाम पक्ष की ओर लिखा जाएगा। अंतिम स्टॉक को तुलन-पत्र के परिसंपत्ति पक्ष में निम्न प्रकार दर्शायेंगे।

**31 मार्च 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि(रु.)* | *परिसंपत्तियाँ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| स्वामित्व निधि | | | *गैर चालू परिसंपत्तियाँ* | |
| पूँजी | 12,000 | | फर्नीचर | 15,000 |
| *जोड़ा* निवल लाभ | 19,500 | 31,500 | *चालू परिसंपत्तियाँ* | |
| *गैर चालू दायित्व* | | | देनदार | 15,500 |
| दीर्घ अवधि ऋण | | 5,000 | बैंक | 5,000 |
| *चालू दायित्व* | | | रोकड़ | 1,000 |
| लेनदार | | 15,000 | **अंतिम स्टॉक** | **15,000** |
| | | 51,500 | | 51,500 |

## 9.3 बकाया व्यय

किसी व्यावसायिक संस्था के लिए यह आम बात है कि वर्ष के दौरान व्यावसायिक प्रचालन में कुछ व्ययों का भुगतान लेखांकन वर्ष के अंत तक नहीं हो पाता है। ऐसे व्यय मजदूरी, वेतन, ऋण पर ब्याज आदि हो सकते हैं। लेखांकन वर्ष के अंत तक न किये गए भुगतानों को *बकाया व्यय* कहते हैं। चूंकि यह चालू वर्ष के दौरान उत्पन्न आगम से संबंध रखते हैं, यह तर्कसंगत है कि इन व्ययों को सही लाभ-हानि की राशि की गणना करने के लिये आगम पर प्राभार रूप में दर्शाया जाये। इस प्रकार के व्ययों की प्रविष्टि खातों में निम्न प्रकार से की जाएगी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| संबंधित व्यय खाता | नाम | | |
| बकाया व्यय खाते से | | | |

उपरोक्त प्रविष्टि से एक नया खाता ''बकाया व्यय'' खोला जाएगा जो कि तुलन-पत्र में दायित्व पक्ष में दर्शाया जाएगा। व्यापारिक तथा लाभ व हानि खाता बनाते समय अदत्त व्यय की राशि को संबंधित कुल व्यय में जोड़कर दर्शाया जाएगा। उदाहरण के लिए:

श्री अंकित के तुलन-पत्र के संबंध में (चित्र 9.1) आपने देखा होगा कि मजदूरी को 8,000 रु. पर दर्शाया गया है। हम मान लेते हैं कि श्री अंकित द्वारा 2016-17 वर्ष में 500 रूपये की मजदूरी राशि अपने एक कर्मचारी पर बकाया है। ऐसी स्थिति में मजदूरी पर सही व्यय राशि 8,500 रुपये होगी न कि 8,000 रुपये। अंकित के द्वारा व्यापारिक और लाभ व हानि खाते 8,500 रु. मजदूरी दर्शायी जायेगी और चालू दयित्व के रूप में 500 रुपये अपने कर्मचारी के प्रति देय दर्शाये जाएंगे। इसको *बकाया मजदूरी* से संबंधित किया जायेगा और इसका समायोजन मजदूरी खाते में निम्न प्रविष्टि को अभिलेखित करके किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| मजदूरी खाता | नाम | 500 | |
| बकाया मजदूरी खाते से | | | 500 |

© NCERT not to be republished

व्यापारिक और लाभ व हानि खाता बनाते समय बकाया मजदूरी की राशि को मजदूरी खाते में जोड़ा जायेगा जो कि निम्न प्रकार से है:

**31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिये अंकित का व्यापार तथा लाभ-हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानि* | | *राशि (रु.)* | *आगम/अधिलाभ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| क्रय | | 75,000 | विक्रय | 1,25,000 |
| **मजदूरी** | **8,000** | | अंतिम स्टॉक | 15,000 |
| **जोड़ा बकाया मजदूरी** | **500** | 8,500 | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 56,500 | | |
| | | 1,40,000 | | 1,40,000 |
| वेतन | | 25,000 | सकल लाभ आ/ले | 56,000 |
| भवन का किराया | | 13,000 | प्राप्त कमीशन | |
| डूबत ऋण | | 4,500 | | |
| निवल लाभ (अंकित के पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 19,000 | | |
| | | 61,500 | | 61,500 |

अंकित के व्यापारिक और लाभ व हानि खाते को ध्यानपूर्वक देखें। क्या आपने गौर किया कि बकाया मजदूरी के कारण निवल लाभ की राशि कम होकर 19,000 रुपये हो गई है। तुलन-पत्र में अदत्त मजदूरी से संबंधित मद निम्न प्रकार दर्शायी जाएगी।

**31 मार्च 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि(रु.)* | *परिसंपत्तियाँ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| *स्वामित्व निधि* | | | गैर चालू स्थायी परिसम्पत्तियाँ | |
| पूँजी | 12,000 | | फर्नीचर | 15,000 |
| *जोड़ा* निवल लाभ | 19,000 | 31,000 | चालू परिसंपत्तियाँ | |
| दीर्घ अवधि के लिए ऋण | | 5,000 | देनदार | 15,500 |
| *चालू दायित्व* | | | बैंक | 5,000 |
| लेनदार | | 15,000 | रोकड़ | 1,000 |
| **बकाया मजदूरी** | | **500** | अंतिम स्टॉक | 15,000 |
| | | 51,500 | | 51,500 |



© NCERT not to be republished

## 9.4 पूर्वदत्त व्यय

व्यापारिक क्रियाकलापों के दौरान बहुत सी व्यय की मदों का भुगतान अग्रिम रूप में ही कर दिया जाता है। लेखांकन वर्ष की अवधि के दौरान यह पाया जाता है कि इन व्ययों की उपयोगिता पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हुई है और इनसे प्राप्त उपयोगिता का कुछ भाग आगामी वर्ष में प्राप्त होगा। इन व्ययों का वह भाग जो आगामी वर्ष में हस्तांतरित किया जाएगा, पूर्वदत्त व्यय कहलाएंगे। पूर्वदत्त व्ययों के संबंध में आवश्यक समायोजन प्रविष्टि निम्न प्रकार से अभिलेखित की जाएगी।

पूर्वदत्त व्यय खाता नाम
संबंधित व्यय खाते से

उपरोक्त समायोजन प्रविष्टि का प्रभाव यह होगा कि पूर्वदत्त राशि का भाग, कुल संबंधित व्यय में से घटा दिया जाएगा और एक जमा खाता ''पूर्वदत्त व्यय'' को तुलन-पत्र के परिसंपत्ति पक्ष में दिखलाएंगे।

उदाहरण के लिये अंकित के तलपट ये हम यह मान लेते हैं कि कर्मचारी को भुगतान की गई वेतन की राशि में 5,000 रु. शामिल है जो किसी एक कर्मचारी को कार्यालय में कार्य करने के लिये अंग्रिम रुप से दी गई थी। इससे यह ज्ञात होता है कि अंकित ने अपने कर्मचारी को 5,000 रु. अग्रिम के वेतन का भुगतान किया है, इसलिए चालू अवधि के वेतन खाते में सही व्यय की राशि 25,000 रुपये की अपेक्षा 20,000 रु. होगी। अंकित वेतन व्यय के रूप में लाभ व हानि खाते में 20,000 रुपये तथा तुलन-पत्र चालू परिसंपत्ति पक्ष में 5,000 रुपये पूर्वदत्त वेतन के रुप में दिखाएगा। इस संदर्भ में निम्न रोजनामचा प्रविष्टि अभिलेखित की जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्वदत्त वेतन खाता | नाम | 5,000 | |
| वेतन खाते से | | | 5,000 |

व्यापारिक और लाभ व हानि खाते में पूर्वदत्त वेतन को निम्न प्रकार दर्शायेंगे।

**वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिये अंकित का व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानि* | | *राशि (रु.)* | *आगम/अधिलाभ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| क्रय | | 75,000 | विक्रय | 1,25,000 |
| मजदूरी | 8,000 | | अंतिम स्टॉक | 15,000 |
| जोड़ा अदत्त मजूदरी | 500 | 8,500 | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 56,500 | | |
| | | 1,40,000 | | 1,40,000 |
| **वेतन** | **25,000** | | सकल लाभ आ/ले | 56,500 |
| ***घटाया* पूर्वदत्त वेतन** | **(5,000)** | 20,000 | प्राप्त कमीशन | 5,000 |
| भवन का किराया | | 13,000 | डूबत ऋण | 4,500 |
| निवल लाभ (अंकित के पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 24,000 | | |
| | | 65,000 | | 65,000 |

आप देखेंगे कि किस प्रकार 5,000 रुपये के पूर्वदत्त वेतन के परिणामस्वरूप निवल लाभ में वृद्धि आई है तथा निवल लाभ 24,000 हो गया है। पूर्वदत्त वेतन से संबंधित मद तुलन–पत्र कोई परिसंपत्ति पक्ष में निम्न प्रकार दर्शायेंगे।

**31 मार्च 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानि* | | *राशि (रु.)* | *आगम/अधिलाभ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| *स्वमित्व निधि* | | | *गैर चालू परिसंपत्तियाँ* | |
| पूँजी | 12,000 | | फर्नीचर | 15,000 |
| *जोड़ा* निवल लाभ | 24,000 | 36,000 | *चालू परिसंपत्तियाँ* | |
| गैर चालू दायित्व | | | देनदार | 15,500 |
| दीर्घ अवधि के ऋण | | 5,000 | **पूर्वदत्त वेतन** | **5,000** |
| *चालू दायित्व* | | | बैंक | 5,000 |
| लेनदार | | 15,000 | रोकड़ | 1,000 |
| बकाया मजदूरी | | 500 | अंतिम स्टॉक | 15,000 |
| | | 56,500 | | 56,500 |

## 9.5 उपार्जित आय

ऐसा भी हो सकता है कि आय से सम्बंधित कुछ मदें जैसे– ऋण पर ब्याज, कमीशन, किराया आदि चालू लेखांकन वर्ष के दौरान अर्जित की गई हैं परंतु वास्तव में चालू वर्ष के दौरान इनकी प्राप्ति नहीं हुई है। इस प्रकार की आय, *उपार्जित आय* कहलाती है। उपार्जित आय का समायोजन प्रविष्टि इस प्रकार होगी :

| | | | |
|---|---|---|---|
| उपार्जित आय खाता | नाम | | |
| संबंधित आय खाते से | | | |

लाभ–हानि खाते में उपार्जित आय की राशि को संबंधित आय में जोड़ा जाएगा और इस प्रकार एक नया खाता *उपार्जित आय,* तुलन–पत्र के परिसंपत्ति पक्ष की ओर दर्शाया जाएगा। उदाहरण के लिए, यह मान लेते हैं कि अंकित ने अपने सहयोगी व्यवसायी की मदद के लिये कुछ अन्य पक्षों को उनसे मिलवाया और इसके बदले में कमीशन प्राप्त किया। अंकित के तलपट में आप यह देखेंगे की एक मद *प्राप्त कमीशन* की राशि 5,000 रुपये है। यह मान लिया जाता है कि 1,500 रुपये कमीशन की राशि अभी भी सहयोगी व्यवसायी से प्राप्त होनी बाकी है। इससे प्रकट होता है कि उपार्जित कमीशन की आय वर्ष 2016-17 के दौरान 6,500 रुपये है (5000 रु. + 1,500 रु.) अंकित को समायोजन प्रविष्टि करने की आवश्यकता है जो कि उपार्जित कमीशन पर यह प्रभाव निम्न प्रकार अभिलेखित करेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| उपार्जित कमीशन खाता | नाम | 1,500 | |
| कमीशन खाते से | | | 1,500 |

व्यापारिक और लाभ व हानि खाते में उपार्जित आय खाते को निम्न प्रकार अभिलेखित किया जायेगा।



© NCERT not to be republished

**वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिये अंकित का व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानि* | | *राशि (रु.)* | *आगम/अधिलाभ* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रय | | 75,000 | विक्रय | | 1,25,000 |
| मजदूरी | 8,000 | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| जोड़ा बकाया मजदूरी | 500 | 8,500 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 56,500 | | | |
| | | 1,40,000 | | | 1,40,000 |
| वेतन | 25,000 | | सकल लाभ आ/ले | | 56,500 |
| घटाया पूर्ववत वेतन | 5,000 | 20,000 | **प्राप्त कमीशन** | **5,000** | |
| भवन का किराया | | 13,000 | **जोड़ा उपार्जित कमीशन** | **1,500** | **6500** |
| डूबत ऋण | | 4,500 | | | |
| निवल लाभ (अंकित के पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 25,000 | | | |
| | | 63,000 | | | 63,000 |

देखने से यह पता चलता है कि उपार्जित आय के कारण निवल लाभ 1,500 रु. से अधिक होते हुए 25,500 हुआ है। इसको अंकित के तुलन पत्र के परिसम्पत्ति पक्ष में चालू परिसम्पति के रूप में निम्न प्रकार दर्शाया जाएगा।

**31 मार्च 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि (रु.)* | *परिसंपत्तियाँ* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| *स्वामित्व निधि* | | | *गैर-चालू परिसम्पतियाँ* | |
| पूँजी | 12,000 | | फर्नीचर | 15,000 |
| जोड़ा निवल लाभ | 25,500 | 37,500 | *चालू परिसम्पतियाँ* | |
| *गैर-चालू दायित्व* | | | देनदार | 15,500 |
| दीर्घ अवधि के ऋण | | 5000 | पूर्वदत्त वेतन | 5,000 |
| *चालू दायित्व* | | | **उपार्जित कमीशन** | **1,500** |
| लेनदार | | 15000 | बैंक | 5,000 |
| बकाया मजदूरी | | 500 | रोकड़ | 1,000 |
| | | | अंतिम स्टॉक | 15,000 |
| | | 58,000 | | 58,000 |

© NCERT not to be republished

## 9.6 अग्रिम प्राप्त आय

कभी-कभी कुछ निश्चित आय प्राप्त होती है लेकिन समस्त राशि चालू अवधि से संबंधित नहीं होती है ऐसी आय का वह भाग जो लेखांकन वर्ष से संबंधित होता है, को अग्रिम प्राप्त आय या अनुमति आय कहते हैं। अग्रिम प्राप्त आय को निम्न समायोजन प्रविष्टि द्वारा अभिलेखित करेंगे।

सम्बंधित आय खाता नाम
अग्रिम प्राप्त आय खाते से

इस प्रविष्टि का प्रभाव यह होगा कि आय खाते के शेष चालू लेखांकन वर्ष में उपार्जित आय की राशि के बराबर होगा और एक नया खाता *अग्रिम प्राप्त आय* को तुलन-पत्र के दायित्व पक्ष की ओर दर्शाया जाएगा। उदाहरण के लिये, अंकित इस बात से सहमत होता है कि 31 मार्च 2017 से भवन का कुछ भाग सहयोगी दुकानदार को 1,000 रुपये प्रतिमाह की दर से किराये पर दिया जाय। उस व्यक्ति ने आगामी तीन माह (अप्रैल, मई, जून) के किराये का अग्रिम भुगतान किया। प्राप्त राशि को लाभ-हानि खाते में जमा किया गया यद्यपि यह आय चालू वर्ष से संबंधित नहीं है इसलिये लाभ-हानि खाते के *जमा पक्ष* में नहीं दर्शायी जायेगी। यह अग्रिम प्राप्त आय है और 3,000 रुपये की राशि को दायित्व के रूप में जाना जाएगा। अंकित को आवश्यकता है कि वह निम्न समायोजन प्रविष्टि अभिलेखित करे जो अग्रिम प्राप्त आय पर प्रभाव डाले।

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्राप्त किराया खाता | नाम | 3,000 | |
| अग्रिम प्राप्त किराया खाते से | | | 3,000 |

इस प्रकार एक जमा खाता ''अग्रिम प्राप्त किराया'' 3,000 रुपये से निम्न प्रकार दर्शाया जायेगा।

**31 मार्च, 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि(रु.)* | *परिसम्पत्तियाँ* | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| *स्वामित्व निधि* | | | | |
| पूँजी | 12,000 | | *गैर-चालू परिसम्पतियाँ* | |
| *जोड़ा* निवल लाभ | 25,500 | 37,500 | फर्नीचर | 15,000 |
| *गैर-चालू दायित्व* | | | *चालू परिसम्पतियाँ* | |
| दीर्घ अवधि ऋण | | 5,000 | देनदार | 15,500 |
| चालू दायित्व | | | पूर्वदत्त वेतन | 5,000 |
| लेनदार | | 15,000 | उपार्जित कमीशन | 1,500 |
| बकाया मजदूरी | | 500 | बैंक | 5,000 |
| **अग्रिम प्राप्त किराया** | | **3,000** | रोकड़ | 4,000 |
| | | | अंतिम स्टॉक | 15,000 |
| | | 61,000 | | 61,000 |

## 9.7 ह्रास

अध्याय 7 (भाग 1) से पुन: स्मरण: करें कि ह्रास परिसम्पत्तियों के प्रयोग तथा समय व्यतीत होने आदि के कारण, मूल्य में होनी वाली कमी है। इसका व्यवहार व्यापारिक व्यय के रुप में किया जाएगा और लाभ व हानि खाते के नाम पक्ष में लिखा जायेगा। इसका प्रभाव यह होगा कि वह परिसम्पत्ति जो व्यापार में लाभ कमाने के उद्देश्य से प्रयोग की जा रही है, उस परिसम्पत्ति लागत की कुछ राशि का भाग अपलिखित किया जाएगा। इस संदर्भ में निम्न प्रविष्टि की जाएगी :

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह्रास खाता | नाम | | |
| संबंधित परिसम्पत्ति खाते से | | | |

तुलन-पत्र में परिसम्पत्ति को उसकी लागत में से ह्रास की राशि को घटा कर दर्शाया जायेगा। उदाहरण के लिये, अंकित के तलपट में दर्शाया गया है कि फर्नीचर खाते का शेष 15,000 रुपये है। यह मान लेते हैं कि फर्नीचर पर 10% का ह्रास प्रतिवर्ष लगाया जाायेगा। यह प्रदर्शित करता है कि वर्ष में संबंधित फर्नीचर का मूल्य 1,500 रुपये तक कम होगा (15,000 रु. × 10%)। अंकित को फर्नीचर पर ह्रास का प्रभाव दिखाने के लिये निम्न समायोजन प्रविष्टि अभिलेखित करने की आवश्यकता है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह्रास खाता | नाम | 1,500 | |
| फर्नीचर खाते से | | | 1,500 |

ह्रास को लाभ-हानि खाते तथा तुलन-पत्र में निम्न प्रकार दर्शायेंगे:

**वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिये अंकित का व्यापार तथा लाभ-हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानि* | | *राशि (रु.)* | *आगम/अधिलाभ* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रय | | 75,000 | विक्रय | | 1,25,000 |
| मजदूरी | 8,000 | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| *जोड़ा* बकाया मजदूरी | 500 | 8,500 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 56,500 | | | |
| | | 1,40,000 | | | 1,40,000 |
| वेतन | 25,000 | | | | |
| *घटाया* पूर्ववत वेतन | (5,000) | 20,000 | सकल लाभ आ/ले | | 56,500 |
| भवन का किराया | | 13,000 | प्राप्त कमीशन | 5,000 | |
| **ह्रास-फर्नीचर** | | **1,500** | जोड़ा उपार्जित कमीशन | 1,500 | 6,500 |
| डूबत ऋण | | 4,500 | | | |
| निवल लाभ (अंकित के पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 24,000 | | | |
| | | 63,000 | | | 63,000 |

© NCERT not to be republished

आपने देखा कि ह्रास के समायोजन के पश्चात् निवल लाभ की राशि में कमी आई है। अब हम देखेंगे कि ह्रास को प्रभार के रूप में तुलन-पत्र में किस प्रकार दर्शाया जायेगा:

**31 मार्च 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि(रु.)* | *परिसम्पत्तियाँ* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| *स्वामित्व निधि* | | | गैर-चालू परिसम्पतियाँ | | |
| पूँजी | 12,000 | | **फर्नीचर** | **15,000** | |
| जोड़ा: निवल लाभ | 24,000 | 36,000 | **घटाया: ह्रास** | **(1,500)** | **13,500** |
| *गैर-चालू दायित्व* | | | | | |
| *चालू दायित्व* | | | | | |
| दीर्घ अवधि ऋण | | 5,000 | देनदार | | 15,500 |
| चालू दायित्व | | | पूर्वदत वेतन | | 5,000 |
| लेनदार | | 15,000 | उपार्जित कमीशन | | 1,500 |
| बकाया मजदूरी | | 500 | बैंक | | 5,000 |
| अग्रिम प्राप्त किराया | | 3,000 | रोकड़ | | 4,000 |
| | | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| | | 59,500 | | | 59,500 |

## 9.8 डूबत ऋण

डूबत ऋण से आशय ऐसी राशि से है जो कि एक फर्म अपने देनदारों से वसूल करने में असमर्थ है। चूंकि यह हानि से संबंधित है अत: इसे *डूबत ऋण* कहा जाता है। डूबत ऋण को अभिलेखित करने की प्रविष्टि होगी:

| | | |
|---|---|---|
| डूबत ऋण खाता | नाम | |
| देनदार खाते से | | |

अंकित के तलपट को देखने पर यह ज्ञात होता है कि डूबत ऋण की राशि 4,500 रुपये है। अंकित के विविध देनदारों की राशि 15,500 रुपये है। अंकित के तलपट में डूबत ऋण का दर्शाया जाना यह सूचित करता है कि वर्ष के दौरान अंकित को डूबत ऋण के कारण हानि हुई जो कि लेखा पुस्तकों में पहले से ही अभिलेखित की गई है। यहाँ हम यह मान लेते है कि अंकित का एक देनदार जिसने 2,500 रुपये प्राप्त होने थे, दिवालिया हो गया और उससे कुछ भी प्राप्त नहीं हो सका। परन्तु डूबत ऋण की राशि चालू वर्ष से संबंधित खातों में अभी भी प्राप्य है। यह तथ्य अतिरिक्त सूचनाओं में दर्शाया जाएगा साथ ही ये *अतिरिक्त डूबत ऋण* कहलायेगा। इस राशि से संबंधित समायोजन प्रविष्टि निम्न प्रकार से की जायेगी। इसके लिये अंकित के द्वारा निम्न समायोजन प्रविष्टि के अभिलेखन की आवश्यकता है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| डूबत ऋण खाता | नाम | 2,500 | |
| देनदार खाते से | | | 2,500 |

इस प्रविष्टि के द्वारा देनदार कम होकर 13,000 रुपये (15,500 रु. – 2,500 रु.) हो जायेंगे और डूबत ऋण की राशि बढ़कर 7,000 रुपये होगी (4,500 रु. + 2,500 रु.)

अतिरिक्त *डूबत ऋण* का व्यापारिक लाभ व हानि खाते तथा तुलन-पत्र में नीचे दर्शाया गया है–

**31 मार्च, 2017 को को समाप्त वर्ष के लिये अंकित का व्यापारिक तथा लाभ-हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानि* | | *राशि (रु.)* | *आगम/अधिलाभ* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रय | | 75,000 | विक्रय | | 1,25,000 |
| मजदूरी | 8,000 | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| *जोड़ा* बकाया मजदूरी | 500 | 8,500 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 56,500 | | | |
| | | 1,40,000 | | | 1,40,000 |
| वेतन | 25,000 | | | | |
| *घटाया* पूर्वदत्त वेतन | (5,000) | 20,000 | सकल लाभ आ/ले | | 56,500 |
| भवन का किराया | | 13,000 | प्राप्त कमीशन | 5,000 | |
| ह्रास-फर्नीचर | | 1,500 | *जोड़ा* उपार्जित कमीशन | 1,500 | 6,500 |
| **डूबत ऋण** | **4,500** | | | | |
| **जोड़ा अन्य डूबत ऋण** | **2,500** | **7,000** | | | |
| निवल लाभ (अंकित के पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 21,500 | | | |
| | | 63,000 | | | 63,000 |

**31 मार्च, 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि(रु.)* | *परिसम्पत्तियाँ* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| *स्वामित्व निधि* | | | *गैर चालू परिसंपतियाँ* | | |
| पूँजी | 12,000 | | फर्नीचर | 15,000 | |
| *जोड़ा:* निवल लाभ | 21,500 | 33,500 | *घटाया:* ह्रास | 1,500 | 13,500 |
| *गैर-चालू दायित्व* | | | *चालू परिसम्पतियाँ* | | |
| दीर्घ अवधि ऋण | | 5,000 | **देनदार** | **15,500** | |
| *चालू दायित्व तथा प्रावधान* | | | **घटाया: अतिरिक्त** | **(2,500)** | |
| | | | **डूबत ऋण** | | **13,000** |
| लेनदार | | 15,000 | पूर्वदत्त वेतन | | 5,000 |
| बकाया मजदूरी | | 500 | उपार्जित कमीशन | | 1,500 |
| अग्रिम प्राप्त किराया | | 3,000 | बैंक | | 5,000 |
| | | | रोकड़ | | 4,000 |
| | | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| | | 57,000 | | | 57,000 |

© NCERT not to be republished

## 9.9 संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान

उपरोक्त तुलन-पत्र में देनदार अब 13,000 रुपये दिखाये गये हैं जो कि आगामी वर्ष के दौरान अनुमानित प्राप्त मूल्य है। यह संभव है कि भविष्य में समस्त राशि प्राप्त न हो। यद्यपि यह भी संभव नहीं है कि इस प्रकार के डूबत ऋण की सही राशि ज्ञात हो। इसलिए हम इस प्रकार की हानियों का उचित अनुमान लगा लेते हैं। इस प्रकार का प्रावधान *संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान* कहलाता है और इसे लाभ व हानि खाते के नाम पक्ष की और दर्शाकर बनायेंगे। इस संबंध में निम्न प्रविष्टि अभिलेखित की जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ हानि खाता | नाम | | |
| संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान खाते से | | | |

तुलन-पत्र के परिसम्पति पक्ष में संदिग्ध *ऋणों के लिये प्रावधान* को देनदारों में से घटाकार दिखाया जाएगा। अब हम यह मानते है कि अंकित यह महसूस करता है कि आगामी वर्ष 31 मार्च, 2017 को उसके 5% देनदार अपना भुगतान नहीं कर पायेंगे। इससे यह प्रदर्शित होता है कि डूबत ऋण की राशि 650 रूपये होगी (13,000 रु. × 5%)। इस संदर्भ में अंकित को निम्न समायोजन प्रविष्टि अभिलेखित करने की आवश्यकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ-हानि खाता | नाम | 650 | |
| संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान खाते से | | | 650 |

इससे यह आश्य है कि चालू वर्ष में संदिग्ध ऋणों के कारण लाभ 650 रुपये से कम होगा।

तुलन-पत्र में इसको विविध देनदारों में से घटाकर दिखाया जायेगा।

**वर्षान्त 31 मार्च, 2017 के लिये अंकित का व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानियाँ* | | *राशि(रु.)* | *आगम/अधिलाभ* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रय | | 75,000 | विक्रय | | 125,000 |
| मजदूरी | 8,000 | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| *जोड़ा:* बकाया मजदूरी | 500 | 8,500 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 56,500 | | | |
| | | 1,40,000 | | | 1,40,000 |
| वेतन | 25,000 | | सकल लाभ आ/ले | | 56,500 |
| *घटाया:* पूर्वदत्त वेतन | (5,000) | 20,000 | | | |
| भवन का किराया | | 13,000 | प्राप्त कमीशन | 5,000 | |
| ह्रास-फर्नीचर | | 1,500 | *जोड़ा:* उपार्जित कमीशन | (1,500) | 6,500 |
| डूबत ऋण | 4,500 | | | | |
| *जोड़ा:* अन्य डूबत ऋण | 2,500 | 7,000 | | | |
| **संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान** | | **650** | | | |
| निवल लाभ (अंकित के पुँजी खाते में हास्तांतरित) | | 20,850 | | | |
| | | 63,000 | | | 63,000 |



© NCERT not to be republished

**31 मार्च, 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि(रु.)* | *परिसम्पत्तियाँ* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| *स्वामित्व पूँजी* | | | *गैर चालू परिसंपत्तियाँ* | | |
| पूँजी | 12,000 | | फर्नीचर | 15,000 | 13,500 |
| *जोड़ा* निवल लाभ | 20,850 | 32,850 | *घटाया* ह्रास | 1,500 | |
| *गैर-चालू दायित्व* | | | *चालू परिसम्पतियाँ* | | |
| दीर्घ अवधि ऋण | | 5,000 | **देनदार** | **15,500** | |
| *चालू दायित्व तथा प्रावधान* | | | ***घटाया* अन्य डूबत ऋण** | **(2,500)** | |
| | | | | **13,000** | |
| | | | ***घटाया* संदिग्ध ऋण के** | | |
| लेनदार | | 15,000 | **लिए प्रावधान** | **(650)** | **12,350** |
| बकाया मजदूरी | | 500 | पूर्वदत्त वेतन | | 5,000 |
| अग्रिम प्राप्त किराया | | 3,000 | उपार्जित कमीशन | | 1,500 |
| | | | बैंक | | 5,000 |
| | | | रोकड़ | | 4,000 |
| | | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| | | 56,350 | | | 56,350 |

ऐसा भी देखा गया है कि किसी विशेष वर्ष के अंत में संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान आगामी वर्ष में हस्तांतरित कर दिया जाता है और इसे आगामी वर्ष में डूबत ऋण से होने वाली हानि को पूरा करने के लिये प्रयोग में लाया जाता है। गत वर्ष के संदिग्ध ऋणों के प्रावधान को *आरंभिक प्रावधान* या *पुराना प्रावधान* कहा जायेगा। जब कभी कोई प्रावधान पहले से ही दिया होता है तो वह हानि जो चालू वर्ष में डूबत ऋण के कारण हुई है को उतनी राशि से ही समायोजित किया जायेगा और तब चालू वर्ष में आवश्यक संदिग्ध ऋण की राशि के प्रावधान को नया प्रावधान कहेंगे। तलपट में दिये गये पुराने प्रावधान के शेष को भी खातों में लिया जायेगा। अब हम एक उदाहरण लेते हैं जिसमें डूबत ऋण और संदिग्ध ऋण के प्रावधान के अभिलेखन को समझ सकेंगे।

31 मार्च, 2017 को तलपट से ली गई सूचनायें नीचे दी गई है:

| | |
|---|---|
| विविध देनदार | 32,000 |
| डूबत ऋण | 2,000 |
| संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान | 3,500 |

*अतिरिक्त सूचनायें*

अतिरिक्त डूबत ऋण में 1,000 रुपये अपलिखित कीजिये तथा संदिग्ध ऋण के लिये देनदारों पर 5% का प्रावधान करें। इस स्थिति में निम्न रोजनामचा प्रविष्टि अभिलेखित की जायेगी:

© NCERT not to be republished

| *तिथि* | *विवरण* | *ब.पृ.सं.* | *नाम राशि (रु.)* | *जमा राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| 2017<br>31, मार्च | डूबत ऋण खाता नाम<br>विविध देनदार खाते से<br>(अतिरिक्त डूबत ऋण) | | 1,000 | <br>1,000 |
| | संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान खाता नाम<br>डूबत ऋण खाते से<br>(डूबत ऋण का समायोजन प्रावधान में किया) | | 3,000 | <br>3,000 |
| | लाभ व हानि खाता नाम<br>संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान खाते से<br>(राशि लाभ-हानि खाते में से ली गई) | | 1,050 | <br>1,050 |

**वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिये लाभ व हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| | *राशि (रु.)* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान 2,000<br>*जोड़ा* डूबत ऋण 1,000<br>*जोड़ा* अन्य डूबत ऋण <u>1,550</u><br>4,550<br>*घटाया* पुराना प्रावधान <u>3,500</u> | 1,050 | | |

* केवल संबंधित मदें

**31 मार्च 2017 को तुलन-पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | विविध देनदार 32,000<br>*घटाया* अतिरिक्त डूबत ऋण <u>(1,000)</u><br>31,000<br>*घटाया* संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान <u>1,550</u> | 29,450 |

* केवल संबधित मदें :

*टिप्पणी:* संदिग्ध ऋणों के लिये नये प्रावधान की राशि की गणना निम्न प्रकार की जायेगी:

$$31,000 \text{ रु.} \times \frac{5}{100} = 1,550 \text{ रु.}$$

## 9.10 देनदारों पर बट्टे का प्रावधान

एक व्यापारिक संस्थान आपने देनदारों को तुरन्त भुगतान हेतु प्रेरित करने के लिये बट्टा देती है। लेखांकन वर्ष में ग्राहक को दिये गए बट्टे की राशि का अनुमान, देनदारों पर बट्टे का प्रावधान बना कर लगाया जायेगा। बट्टे का प्रावधान अच्छे देनदारों पर बनाया जाता है जो कि अन्य डूबत ऋण तथा संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान की राशि को घटाकर प्राप्त होते हैं। देनदारों को बट्टे पर प्रावधान बनाने के लिये निम्न रोजनामचा प्रविष्टि अभिलेखित की जायेगी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ-हानि खाता | नाम | | |
| देनदारों पर बट्टे का प्रावधान खाते से | | | |

जैसा की ऊपर बताया गया है देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान केवल अच्छे देनदारों पर बनाया जाता है। इसकी गणना देनदारों की राशि में से संदिग्ध ऋणों को घटाने के पश्चात् होगी जो कि 12,350 रुपये है (13,500 रु. – 650 रु.)। अंकित को निम्न समायोजन प्रविष्टि के अभिलेखन की आवश्यकता है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ-हानि खाता | नाम | 227 | |
| देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान खाते से | | | 227 |

यह चालू वर्ष के निवल लाभ को तुरन्त भुगतान प्राप्त होने पर दिये बट्टे के कारण 227 रुपये से कम कर देगा। इसको तुलन-पत्र में देनदार खाते में से घटाकर देनदारों का अनुमानित प्राप्य मूल्य 12,123 रुपये दिखाया जायेगा।

**वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिये अंकित का व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

नाम जमा

| *व्यय/हानियाँ* | | *राशि(रु.)* | *आगम/अधिगम* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रय | | 75,000 | बिक्रय | | 1,25,000 |
| मजदूरी | 8,000 | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| *जोड़ा* बकाया मजदूरी | 500 | 8,500 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 56,500 | | | |
| | | 1,40,000 | | | 1,40,000 |
| *वेतन* | 25,000 | | | | |
| *घटाया* पूर्वदत्त वेतन | (5000) | 20,000 | सकल लाभ आ/ले | | 56,500 |
| भवन का किराया | | 13,000 | प्राप्त कमीशन | 5,000 | |
| ह्रास-फर्नीचर | | 1,500 | *जोड़ा* उपार्जित कमीशन | 1,500 | 6,500 |
| डूबत ऋण | 4,500 | | | | |
| *जोड़ा* अतिरिक्त डूबत ऋण | 2,500 | 7,000 | | | |
| संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान | | 650 | | | |
| **देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान** | | **227** | | | |
| **निवल लाभ (अंकित के पूँजी खाते में हस्तांतरित)** | | **20,623** | | | |
| | | 63,000 | | | 63,000 |

© NCERT not to be republished

**31 मार्च, 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| दायित्व | | राशि(रु.) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि(रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| *स्वामित्व निधि* | | | *गैर चालू परिसंपतियाँ* | | |
| पूँजी | 12,000 | | फर्नीचर | 15,000 | |
| *जोड़ाः* निवल लाभ | 20,623 | 32,623 | *घटायाः* ह्रास | (1,500) | 13,500 |
| *गैर-चालू दायित्व* | | | *चालू परिसम्पतियाँ* | | |
| दीर्घ अवधि ऋण | | 5,000 | **देनदार** | **15,500** | |
| *चालू दायित्व तथा प्रावधान* | | | ***घटायाः* अतिरिक्त** | **(2,500)** | |
| लेनदार | | 15,000 | **डूबत ऋण** | | |
| बकाया मजदूरी | | 500 | | **13,000** | |
| अग्रिम प्राप्त किराया | | 3,000 | ***घटायाः* संदिग्ध** | **650** | |
| | | | **ऋण के लिए प्रावधान** | **12,350** | |
| | | | **घटायाः देनदारों पर बट्टे** | | |
| | | | **के लिये प्रावधान** | (227) | **12,123** |
| | | | पूर्वदत्त वेतन | | 5,000 |
| | | | उपार्जित कमीशन | | 1,500 |
| | | | बैंक | | 5,000 |
| | | | रोकड़ | | 4,000 |
| | | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| | | 56,123 | | | 56,123 |

आगामी वर्ष में बट्टे की राशि को देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान खाते में हस्तांतरित किया जायेगा। इस खाते का व्यवहार संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान खाते की तरह ही होगा।

## 9.11 प्रबंधक कमीशन

कभी-कभी व्यापार के प्रबंधक को कंपनी के निवल लाभ में से कमीशन दिया जाता है। लाभ पर कमीशन के प्रतिशत की गणना या तो लाभ पर प्रभार के रूप में पहले या प्रभार के बाद कमीशन पर की जा सकती है। किसी भी सूचना के आभाव में यह मान लेते हैं कि कमीशन के प्रतिशत की गणना निवल लाभ कमीशन लगाने से पहले की गई है। मान लीजिये, की व्यवसाय का निवल लाभ 110 रु. है। यदि कमीशन 10% की दर से दिया जाता है तो कमीशन की गणना निम्न प्रकार होगी:

110 रुपये × 10/100 = 11 रुपये

यदि कमीशन लाभ प्रभार लगाने के पश्चात लाभ का 10% है तब गणना इस प्रकार होगी:

= लाभ से पहले कमीशन × कमीशन की दर /(100 + कमीशन)

= 110 × 10/110 = 10 रुपये

प्रबंधक कमीशन का समायोजन लेखा पुस्तकों में निम्न प्रविष्टि को अभिलेखित करके किया जायेगा।



© NCERT not to be republished

लाभ–हानि खाता नाम

प्रबंधक कमीशन खाते से

उदाहरण को पुन: देखते हुये यह मानते है कि अंकित का प्रबंधक 10% कमीशन का हकदार है। निवल लाभ पर प्रभार के रूप में कमीशन के प्रभाव को नीचे दिये गये लाभ व हानि खाते पर देखें यदि:

(i) निवल लाभ की राशि के कमीशन के प्रभार से पूर्व

(ii) निवल लाभ की राशि कमीशन के प्रभार के पश्चात्

**(i) वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिये अंकित का व्यापारिक तथा लाभ व हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानियाँ* | | *राशि(रु.)* | *आगम/अधिगम* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रय | | 75,000 | विक्रय | | 1,25,000 |
| मजदूरी | 8,000 | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| *जोड़ा* बकाया मजदूरी | 500 | 8,500 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 56,500 | | | |
| | | 1,40,000 | | | 1,40,000 |
| वेतन | 25,000 | | सकल लाभ आ/ले | | 56,500 |
| *घटाया* पूर्वदत्त वेतन | 5,000 | 20,000 | प्राप्त कमीशन | 5,000 | |
| भवन का किराया | | 13,000 | *जोड़ा* उपार्जित कमीशन | (1,500) | 6,500 |
| ह्रास–फर्नीचर | | 1,500 | | | |
| डूबत ऋण | 4,500 | | | | |
| *जोड़ा* अतिरिक्त डूबत ऋण | 2,500 | 7,000 | | | |
| संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान | | 650 | | | |
| देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान | | 227 | | | |
| **प्रबंधक कमीशन** | | **2,062** | | | |
| **निवल लाभ (अंकित के पूँजी खाते में हस्तांतरित)** | | **28,561** | | | |
| | | 63,000 | | | 63,000 |

**31 मार्च, 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि (रु.)* | *परिसम्पत्तियाँ* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| *स्वामित्व निधि* | | | *गैर चालू परिसंपतियाँ* | | |
| पूँजी | 12,000 | | फर्नीचर | 15,000 | |
| *जोड़ा* निवल लाभ | 18,561 | 30,561 | *घटाया ह्रास* | (1,500) | 13,500 |
| *गैर–चालू दायित्व* | | | चालू परिसम्पतियाँ | | |
| दीर्घ अवधि ऋण | | 5,000 | देनदार | 15,500 | |
| *चालू दायित्व तथा प्रावधान* | | | *घटाया* अतिरिक्त डूबत ऋण | (2,500) | 13,000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | 15,000 | *घटाया* संदिग्ध | | |
| बकाया मजदूरी | 500 | ऋण के लिए प्रावधान | | |
| अग्रिम प्राप्त किराया | 3,000 | *घटाया* देनदारों पर बट्‌टे | | 12,350 |
| **प्रबंधक का कमीशन बकाया** | **2,062** | के लिये प्रावधान | (227) | 12,123 |
| | | पूर्वदत्त वेतन | | 5,000 |
| | | उपार्जित कमीशन | | 1,500 |
| | | बेंक | | 5,000 |
| | | रोकड़ | | 4,000 |
| | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| | 56,123 | | | 56,123 |

**(ii) वर्षान्त 31 मार्च 2017 समाप्त वर्ष के लिये अंकित का व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानियाँ* | | *राशि(रु.)* | *आगम/अधिगम* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रय | | 75,000 | विक्रय | | 1,25,000 |
| मजदूरी | 8,000 | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| *जोड़ा* बकाया मजदूरी | 500 | 8,500 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 56,500 | | | |
| | | 1,40,000 | | | 1,40,000 |
| वेतन | 25,000 | | सकल लाभ आ/ले | | 56,500 |
| *घटाया* पूर्वदत्त वेतन | 5000 | 20,000 | प्राप्त कमीशन | 5,000 | |
| भवन का किराया | | 13,000 | *जोड़ा* उपार्जित कमीशन | (1,500) | 6,500 |
| ह्रास–फर्नीचर | | 1,500 | | | |
| डूबत ऋण | 4,500 | | | | |
| *जोड़ा* अतिरिक्त डूबत ऋण | 2,500 | 7,000 | | | |
| संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान | | 650 | | | |
| देनदारों पर बट्‌टे के लिये प्रावधान | | 227 | | | |
| **प्रबंधक कमीशन** | | **1,875** | | | |
| **निवल लाभ (अंकित के पूँजी खाते में हस्तांतरित)** | | **18,748** | | | |
| | | 63,000 | | | 63,000 |

© NCERT not to be republished

**31 मार्च, 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| दायित्व | | राशि(रु.) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि(रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| *स्वामित्व निधि* | | | *गैर चालू परिसंपतियाँ* | | |
| पूँजी | 12,000 | | फर्नीचर | 15,000 | |
| जोड़ा निवल लाभ | 18,748 | 30,748 | *घटाया* ह्रास | (1,500) | 13,500 |
| *गैर-चालू दायित्व* | | | *चालू परिसम्पतियाँ* | | |
| दीर्घ अवधि ऋण | | 5,000 | देनदार | 15,500 | |
| चालू दायित्व तथा प्रावधान | | | *घटाया* अतिरिक्त डूबत ऋण | (2,500) | |
| लेनदार | | 15,000 | | 13,000 | |
| | | | | (650) | |
| बकाया मजदूरी | | 500 | *घटाया:* संदिग्ध ऋणों | | |
| | | | के लिए प्रावधान | 12,350 | |
| अग्रिम प्राप्त किराया | | 3,000 | *घटाया* देनदारों पर बट्टे | | |
| **प्रबंधक कमीशन बकाया** | | **1,875** | के लिये प्रावधान | (227) | 12,123 |
| | | | पूर्वदत्त वेतन | | 5,000 |
| | | | उपार्जित कमीशन | | 1,500 |
| | | | बेंक | | 5,000 |
| | | | रोकड़ | | 4,000 |
| | | | अंतिम स्टॉक | | 15,000 |
| | | 56,123 | | | 56,123 |

## 9.12 पूँजी पर ब्याज

कभी-कभी व्यापार का स्वामी यह जानना चाहता है कि पूँजी पर ब्याज लगाने के पश्चात् व्यवसाय के द्वारा कितना लाभ अर्जित किया गया है। इस स्थिति में ब्याज की गणना लेखांकन वर्ष के आरम्भ में दी गई दर के अनुसार की जायेगी। यदि कोई अतिरिक्त पूँजी वर्ष के दौरान लगाई गई हो तो ब्याज की गणना व्यापार में लगाई गई पूँजी की तिथि से की जायेगी। इस प्रकार के ब्याज का व्यवहार, व्यापार के लिये व्यय के रूप में किया जायेगा तथा लेखा पुस्तकों में अभिलेखन करने के लिये निम्न रोजनामचा प्रविष्टि की जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूँजी पर ब्याज खाता | नाम | | |
| पूँजी खाते से | | | |

अंतिम खातों में इसे व्यय की भांति लाभ व हानि खाते के नाम पक्ष में तथा तुलन-पत्र में पूँजी में जोड़कर दिखाया जायेगा। यह मान लेते हैं कि अंकित पूँजी पर 5% की दर से ब्याज लगायेंगे। इस प्रकार यह राशि 600 रुपये होगी तथा रोजनामचा प्रविष्टि निम्न प्रकार अभिलेखित की जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूँजी पर ब्याज खाता | नाम | 600 | |
| पूँजी खाते से | | | 600 |

इससे आशय कि शुद्ध लाभ में 600 रुपये की घटोत्तरी होगी, जिसके परिणामस्वरूप लाभ का घटा हुआ भाग तुलन–पत्र में पूँजी में जोड़ कर दर्शाया जायेगा। किन्तु, जब पूँजी पर ब्याज की राशि को पूँजी में जोड़ा जाएगा तब यह प्रभाव शून्य होगा, जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

| | रुपये |
|---|---|
| पूँजी | 12,000 |
| *जोड़ा:* लाभ | 17,961 |
| | 29,961 |
| *जोड़ा:* पूँजी पर ब्याज | 600 |
| | 30,561 |

***स्वयं जाँचिये***

सही उत्तर चिह्नित कीजिए:

1. राहुल का तलपट आपको निम्न सूचनाएँ उपलब्ध करवाता है

| | |
|---|---|
| देनदार | 80,000 रुपये |
| डूबत ऋण | 2,000 रुपये |
| संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान | 4,000 रुपये |

यह आवश्यक है कि संदिग्ध ऋणों के लिये 1,000 रुपये का प्रावधान हो। लाभ व हानि खाते के नाम/जमा पक्ष में राशि क्या होगी:

(क) 5,000 रुपये (नाम) (ख) 5,000 रुपये (नाम)

(ग) 1,000 रुपये (जमा) (घ) इनमें से कोई नहीं

2. यदि एक महीने का किराया अभी तक बकाया है तो समायोजन प्रविष्टि होगी:

(क) बकाया किराया खाता नाम तथा किराया खाता जमा

(ख) लाभ व हानि खाता नाम तथा किराया खाता जमा

(ग) किराया खाता नाम तथा लाभ व हानि खाता जमा

(घ) किराया खाता नाम तथा बकाया किराया खाता जमा

3. यदि 2,000 रुपये किराया अग्रिम प्राप्ति है तो समायोजन प्रविष्टि होगी:

(क) लाभ–हानि खाता नाम तथा किराया खाता जमा

(ख) अग्रिम किराया खाता नाम तथा लाभ–हानि खाता जमा

(ग) किराया खाता नाम तथा बकाया किराया खाता जमा

(घ) इनमें से कोई नहीं

4. यदि 1 अप्रैल 2016 को आरंभिक पूँजी 50,000 रुपये है तथा 1 जनवरी 2017 को 10,000 रुपये की अतिरिक्त पूँजी लगाई गई। पूँजी पर ब्याज 10% प्रतिवर्ष की दर से लगाया जाता है तो 31 मार्च 2017 को लाभ व हानि खाते में पूँजी पर ब्याज की राशि होगी :

not to be republished © NCERT

(क) 5,250 रुपये (ख) 6,000 रुपये

(ग) 4,000 रुपये (घ) 3,000 रुपये

5. यदि बीमा प्रीमियम का 1,000 रुपये भुगतान किया गया है तथा पूर्वदत्त बीमा 300 रुपये है तो लाभ व हानि खाते में बीमा प्रीमियम की राशि होगी:

(क) 1,300 रुपये (ख) 1,000 रुपये

(ग) 300 रुपये (घ) 700 रुपये

| *समायोजन* | *समायोजन प्रविष्टि* | | *व्यापार तथा लाभ व हानि खाते में व्यवहार* | *तुलन-पत्र में व्यवहार* |
|---|---|---|---|---|
| 1. अंतिम स्टॉक | अंतिम स्टॉक खाता<br>व्यापारिक खाते से | नाम | लाभ व हानि<br>खाते के जमा पक्ष में | परिसम्पत्ति पक्ष में दर्शायेंगे |
| 2. बकाया व्यय | व्यय खाता<br>बकाया व्यय खाते से | नाम | नाम पक्ष में संबंधित व्यय में जोड़ेंगे | दयित्व पक्ष में दर्शायेंगे |
| 3. पूर्वदत्त व्यय | पूर्वदत्त व्यय खाता<br>व्यय खाते से | नाम | नाम पक्ष में संबंधित व्यय में से घटायेंगे | परिसंपत्ति पक्ष में दर्शायेंगे |
| 4. उपार्जित आय | उपार्जित आय खाता<br>आय खाते से | नाम | जमा पक्ष में संबंधित आय में जोड़ेंगे | परिसंपत्ति पक्ष में दर्शायेंगे |
| 5. अग्रिम प्राप्त खाता | आय खाता<br>अग्रिम प्राप्त आय खाते से | नाम | जमा पक्ष में संबंधित आय में से घटायेंगे | दायित्व पक्ष में दर्शायेंगे |
| 6. ह्रास | ह्रास खाता<br>परिसम्पत्ति खाते से | नाम | नाम पक्ष में दर्शायेंगे | परिसंपत्ति के मूल्य मे से घटाकर दर्शायेंगे |
| 7. संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान | लाभ व हानि खाता<br>संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान खातों से | नाम | नाम पक्ष में दर्शायेंगे | देनदारों में से घटाकर दार्शायेंगे |
| 8. देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान | लाभ व हानि खाता<br>देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान खाते से | नाम | नाम पक्ष में दर्शायेंगे | देनदारों में से घटाकर दर्शायेंगे |
| 9. प्रबंधक कमीशन | प्रबंधक कमीशन खाता<br>बकाया कमीशन खाते से | नाम | नाम पक्ष में दर्शायेंगे | दायित्व पक्ष में दर्शायेंगे |
| 10. पूँजी पर ब्याज | पूँजी पर ब्याज खाता<br>पूँजी खाते से | नाम | नाम पक्ष में दर्शायेंगे | पूँजी में जोड़कर दर्शायेंगे |
| 11. अतिरिक्त डूबत ऋण | डूबत ऋण खाता<br>विविध देनदार खाता | नाम | नाम पक्ष में दर्शायेंगे | देनदारों में से घटायेंगे |

**चित्र 9.2:** *विभिन्न प्रकार के समायोजनों का उपचार दर्शाया गया है*

© NCERT not to be republished

उदाहरण 1

निम्न सूचनाओं से 31 मार्च 2017 को व्यपार, लाभ व हानि खाता और तुलन-पत्र बनायें:

| *नाम शेष* | *राशि (रु.)* | *जमा शेष* | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|
| आहरण | 6,300 | पूँजी | 1,50,000 |
| बैंक में रोकड़ | 13,870 | बट्टा प्राप्त | 2,980 |
| प्राप्य विषय | 1,860 | ऋण | 15,000 |
| भूमि व भवन | 42,580 | क्रय वापसी | 1,450 |
| फर्नीचर | 5,130 | विक्रय | 2,81,500 |
| बट्टा प्रदत्त | 3,960 | संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान | 4,650 |
| बैंक शुल्क | 100 | लेनदार | 18,670 |
| वेतन | 6,420 | | |
| क्रय | 1,99,080 | | |
| स्टॉक (आरंभिक) | 60,220 | | |
| विक्रय वापसी | 1,870 | | |
| भाड़ा | 5,170 | | |
| किराया व कर | 7,680 | | |
| सामान्य व्यय | 3,630 | | |
| सयन्त्र व मशीन | 31,640 | | |
| देनदार | 82,740 | | |
| डूबत ऋण | 1,250 | | |
| बीमा | 750 | | |
| | 4,74,250 | | 4,74,250 |

समायोजन:

1) अंतिम स्टॉक 70,000 रुपये।
2) देनदारों पर संदिग्ध ऋणों कें लिये 10% प्रावधान बनायें।
3) पूर्वदत्त बीमा 50 रुपये।
4) बकाया किराया 150 रुपये।
5) ऋण पर देय ब्याज 6% की दर से।

© NCERT not to be republished

*हल*

**वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिए व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानियाँ* | | *राशि(रु.)* | *आगम/अधिगम* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| अरंभिक स्टॉक | | 60,220 | विक्रय | 2,81,500 | |
| क्रय | 1,99,080 | | *घटाया:* विक्रय वापसी | 1,870 | 2,79,630 |
| *घटाया:* क्रय वापसी | (1,450) | 1,97,630 | अंतिम स्टॉक | | 70,000 |
| भाड़ा | | 5,170 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 86,610 | | | |
| | | 3.49.630 | | | 3.49.630 |
| बट्टा प्रदत्त | | 3,960 | सकल लाभ आ/ले | | 86,610 |
| बैंक शुल्क | | 100 | प्राप्त बट्टा | | 2,980 |
| वेतन | | 6,420 | | | |
| किराया व कर | 7,680 | | | | |
| *जोड़ा* बकाया किराया | 150 | 7,830 | | | |
| सामान्य व्यय | | 3.630 | | | |
| बीमा | 750 | | | | |
| *घटाया* पूर्वदत्त बीमा | (50) | 700 | | | |
| डूबत ऋण | 1,250 | | | | |
| *जोड़ा* संदिग्ध ऋण के | 8,274 | | | | |
| लिए नया प्रावधान | 9,524 | | | | |
| *घटाया:* संदिग्ध ऋणों | (4,650) | 4,874 | | | |
| के लिये पूर्व प्रावधान | | | | | |
| ऋण पर बकाया ब्याज | | 9,00 | | | |
| निवल लाभ (पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 61,176 | | | |
| | | 89,490 | | | 89,490 |

**31 मार्च, 2017 को अंकित का तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि(रु.)* | *परिसम्पत्तियाँ* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 18,670 | बैंक में रोकड़ | | 13,870 |
| ऋण | 15,000 | | | | |
| *जोड़ा* ऋण पर बकाया ब्याज | 900 | 15,900 | देनदार | 82,740 | |
| बकाया किराया | | 150 | *घटाया:* संदिग्ध ऋणों के | (8,274) | 74,466 |
| | | | लिये प्रावधान | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी | 1,50,000 | | प्राप्य विपत्र | 1,860 |
| *जोड़ा:* शुद्ध लाभ | 61,176 | | भूमि व भवन | 42,580 |
| | 2,11,176 | | फर्नीचर | 5,130 |
| *घटाया:* आहरण | (6,300) | 2,04,876 | संयन्त्र व मशीनरी | 31,640 |
| | | | बीमा (पूर्वदत्त) | 50 |
| | | | अंतिम स्टॉक | 70,000 |
| | | 2,39,596 | | 2,39,596 |

उदाहरण 2

निम्न सूचनायें योगिता की पुस्तकों से 31 मार्च 2017 को ली गई हैं:

| *नाम शेष* | *राशि* रु. | *जमा शेष* | *राशि* रु. |
|---|---|---|---|
| हस्तस्थ रोकड़ | 540 | विक्रय | 98,780 |
| बैंक में रोकड़ | 2,630 | विक्रय वापसी | 500 |
| क्रय | 40,675 | पूँजी | 62,000 |
| क्रय वापसी | 680 | विविध लेनदार | 6,300 |
| मजदूरी | 8,480 | किराया | 9,000 |
| ईंधन व उर्जा | 4,730 | | |
| विक्रय पर भाड़ा | 3200 | | |
| क्रय पर भाड़ा | 2040 | | |
| आरंभिक स्टॉक | 5,760 | | |
| भवन | 32,000 | | |
| भूमि | 10,000 | | |
| मशीनरी | 20,000 | | |
| वेतन | 15,000 | | |
| पेटेंट | 7,500 | | |
| सामान्य व्यय | 3,000 | | |
| बीमा | 600 | | |
| आहरण | 5,245 | | |
| विविध देनदार | 14,500 | | |

निम्न समायोजनों को खातों में लेकर, 31 मार्च 2017 को व्यापारिक और लाभ व हानि खाता और तुलन-पत्र तैयार करें:

(क) 31 मार्च 2017 को हस्तस्थ स्टॉक 6,800 रुपये।

(ख) मशीनरी पर 10% और पेटेंट पर 20% की दर से ह्रास लगायें।

(ग) मार्च 2017 का वेतन राशि 1,500 रुपये बकाया है।

(घ) बीमा व्यय में 170 रुपये की राशि सम्मिलित है जिसकी पालीसी 30 सितंबर 2017, को समाप्त है।

(च) अन्य डूबत ऋण 725 रुपये है। लेनदारों पर 5% जिसकी पालीसी 30 सितंबर, 2017 को समाप्त है।

(छ) अप्राप्य किराया 1,000 रुपये।

*हल*

**योगिता की पुस्तकें**
**वर्षान्त 31 मार्च 2017 वर्ष के लिये व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानि* | | *राशि* रु. | *आगम/अधिलाभ* | | *राशि* रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| अरंभिक स्टॉक | | 5,760 | | | |
| क्रय | 40,675 | | बिक्रय | 98,780 | |
| *घटाया*: क्रय वापसी | (500) | 40,175 | *घटाया:* विक्रय वापसी | (680) | 98,100 |
| मजदूरी | | 8,480 | अंतिम स्टॉक | | 6,800 |
| ईंधन व ऊर्जा | | 4,730 | | | |
| क्रय पर भाड़ा | | 2,040 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 43,715 | | | |
| | | 1,04,900 | | | 1,04,900 |
| वेतन | 15,000 | | सकल लाभ आ/ले | | 43,715 |
| *जोड़ा* बकाया वेतन | 1,500 | 16,500 | किराया | 9,000 | |
| विक्रय पर भाड़ा | | 3,200 | *जोड़ा* उपार्जित किराया | 1,000 | 10,000 |
| सामान्य व्यय | | 3,000 | | | |
| बीमा | 600 | | | | |
| *घटाया* पूर्वदत्त बीमा | (85) | 515 | | | |
| डूबत ऋण | 725 | | | | |
| *जोड़ा* संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान | 689 | 1,414 | | | |
| ह्रासः मशीनरी | 2,000 | | | | |
| पेटेंट | 1,500 | 3,500 | | | |
| निवल लाभ (पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 25,586 | | | |
| | | 53,715 | | | 53,715 |

© NCERT not to be republished

**31 मार्च 2017 को तुलन-पत्र**

**नाम** **जमा**

| *दायित्व* | | *राशि* रु. | *परिसम्पत्तियाँ* | | *राशि* रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | | 6,300 | हस्तस्थ रोकड़ | | 540 |
| | | | बैंक में रोकड़ | | 2,630 |
| बकाया वेतन | | 1,500 | विविध देनदार | 14,500 | |
| पूँजी | 62,000 | | *घटाया:* डूबत ऋण | (725) | |
| *जोड़ा:* निवल लाभ | 25,586 | | | 13,775 | |
| | 87,586 | | *घटाया:* संदिग्ध ऋणों | | |
| *घटाया:* आहरण | (5,245) | 82,341 | के लिए प्रावधान | (689) | 13,086 |
| | | | पूर्वदत्त बीमा | | 85 |
| | | | उपार्जित किराया | | 1,000 |
| | | | भूमि | | 10,000 |
| | | | भवन | | 32,000 |
| | | | मशीनरी | 20,000 | |
| | | | *घटाया* ह्रास | (2,000) | 18,000 |
| | | | पेटेंट | 7,500 | |
| | | | *घटाया* ह्रास | (1,500) | 6,000 |
| | | | अंतिम स्टॉक | | 6,800 |
| | | 90,141 | | | 90,141 |

उदाहरण 3

निम्न शेष श्री आर लाल की पुस्तकों से 31 मार्च 2017 को लिये गये हैं:

| *खाता शीर्षक* | *राशि* रु. | *खाता शीर्षक* | *राशि* रु. |
|---|---|---|---|
| पूँजी | 1,00,000 | भवन | 25,000 |
| आहरण | 17,600 | किराया (जमा) | 2,100 |
| क्रय | 80,000 | विक्रय पर रेल भाड़ा | 16,940 |
| विक्रय | 1,40,370 | आंतरिक भाड़ा | 2,310 |
| क्रय वापसी | 2,820 | कार्यालय व्यय | 1,340 |
| स्टॉक 01 अप्रैल, 2016 | 11,460 | मुद्रण व लेखन सामग्री | 660 |
| डूबत ऋण | 1,400 | डाक व तार व्यय | 820 |
| संदिग्ध ऋणों का प्रावधान 01 अप्रैल, 2016 | 3,240 | विविध देनदार | 62,070 |
| दर और बीमा | 1,300 | विविध लेनदार | 18,920 |

© NCERT not to be republished

| | | | |
|---|---|---|---|
| बट्टा (जमा) | 190 | बैंक में रोकड़ | 12,400 |
| प्राप्य विपत्र | 1,240 | हस्तस्थ रोकड़ | 2,210 |
| विक्रय वापसी | 4,240 | कार्यालय फर्नीचर | 3,500 |
| मजदूरी | 6,280 | वेतन और कमीशन | 9,870 |
| | | भवन में अतिरिक्त निर्माण | 7,000 |

निम्नलिखित समयोजन को ध्यान में रखते हुये 31 मार्च 2017 को व्यापार और लाभ व हानि खाता और तुलन–पत्र बनायें।

(1) पुराने भवन पर 625 रुपये व भवन के अतिरिक्त निर्माण पर 2% और कार्यालय फर्नीचर पर 5% ह्रास लगाये।

(2) अन्य डूबत ऋण 570 रुपये है।

(3) संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान को 6% तक करें।

(4) 31 मार्च 2017 को बकाया वेतन 570 रुपये है।

(5) 31 मार्च 2017 को अप्राप्त किराया 200 रुपये है।

(6) पूँजी पर व्याज 5% लगाये।

(7) पूर्वदत्त बीमा 240 रुपये है।

(8) 31 मार्च 2017 को स्टॉक का मूल्य 14,290 रुपये है।

*हल*

**आर. लाल की पुस्तकें**

**वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिए व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

| *व्यय/हानि* | | *राशि (रु.)* | *आगम/अधिगम* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रारंभिक स्टॉक | | 11,460 | विक्रय | 1,40,370 | |
| क्रय | 80,000 | | *घटाया:* विक्रय वापसी | (4,240) | 1,36,130 |
| *घटाया:* क्रय वापसी | (2,820) | 77,180 | अंतिम स्टॉक | | 14,290 |
| आंतरिक भाड़ा | | 2,310 | | | |
| मजदूरी | | 6,280 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 53,190 | | | |
| | | 1,50,420 | | | 1,50,420 |



© NCERT not to be republished

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विक्रय पर रेल भाड़ा | | 16,940 | सकल लाभ आ/ले | | 53,190 |
| कार्यालय व्यय | | 1,340 | किराया | 2,100 | |
| डाक व तार व्यय | | 820 | *जोड़ा:* अप्राप्त किराया | 200 | 2,300 |
| मुद्रण व लेखन सामग्री | | 660 | बट्टा | | 190 |
| वेतन और कमीशन | 9,870 | | | | |
| *जोड़ा* बकाया वेतन | (570) | 10,440 | | | |
| रेट्स व वीमा | 1,300 | | | | |
| *घटाया:* पूर्वदत्त बीमा | (240) | 1,060 | | | |
| डूबत ऋण | 1,400 | | | | |
| *जोड़ा:* आंतरिक डूबत ऋण | 570 | | | | |
| *जोड़ा:* संदिग्ध ऋणों के | 3,690 | | | | |
| लिये नया प्रावधान | 5,660 | | | | |
| *घटाया:* संदिग्ध ऋण के लिये | | | | | |
| पुराना प्रावधान | (3,240) | 2,420 | | | |
| पूँजी पर ब्याज | | 5,000 | | | |
| भवन पर ह्रास | | 625 | | | |
| अतिरिक्त भवन निर्माण पर ह्रास | | 140 | | | |
| निवल लाभ (पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 16,060 | | | |
| | | 55,680 | | | 55,680 |

**31 मार्च 2017 को तुलन-पत्र**

| *दयित्व* | | *राशि (रु.)* | *परिसंपत्तियां* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | | 18,920 | बैंक में रोकड़ | | 12,400 |
| पूँजी | | 1,00,000 | हस्तस्थ रोकड़ | | 2,210 |
| बकाया वेतन | 570 | | प्राप्य विपत्र | | 1,240 |
| *जोड़ा:* निवल लाभ | 160,60 | | देनदार | 62,070 | |
| *जोड़ा:* पूँजी पर ब्याज | 5,000 | | *घटाया:* अतिरिक्त | | |
| | 121,060 | | डूबत ऋण | (570) | |
| *घटाया:* आहरण | (17,600) | 1,03,460 | | 61,500 | |
| | | | *घटाया:* संदिग्ध ऋणों के लिये | | |
| | | | नया प्रावधान | (3,690) | 57,810 |
| | | | अप्राप्त किराया | | 200 |
| | | | पूर्वदत्त बीमा | | 240 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | भवन | 25,000 | |
| | | *घटाया:* ह्रास | (625) | 24,375 |
| | | अतिरिक्त भवन निर्माण | 7,000 | |
| | | *घटाया:* ह्रास | (140) | 6,860 |
| | | कार्यालय फर्नीचर | 3,500 | |
| | | *घटाया:* ह्रास | (175) | 3,375 |
| | | अंतिम स्टॉक | | 14,290 |
| | 1,22,950 | | | 1,22,950 |

उदाहरण 4

31 मार्च 2017 को मोहित ट्रेडर्स का व्यापार और लाभ व हानि खाता बनायें तथा इस तिथि को आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टि तथा तुलन-पत्र बनायें।

| *नाम शेष* | *राशि* रु. | *जमा शेष* | *राशि* रु. |
|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | 24,000 | विक्रय | 4,00,000 |
| क्रय | 1,60,000 | क्रय वापसी | 2,000 |
| हस्तस्थ रोकड़ | 16,000 | पूँजी | 1,50,000 |
| बैंक में रोकड़ | 32,000 | लेनदार | 64,000 |
| विक्रय वापसी | 4,000 | देय विपत्र | 20,000 |
| मजदूरी | 22,000 | प्राप्त कमीशन | 4,000 |
| ईंधन व उर्जा | 18,000 | | |
| अंतरिक ढूलाई भाड़ा | 6,000 | | |
| बीमा | 8,000 | | |
| भवन | 1,00,000 | | |
| सयंन्त्र | 80,000 | | |
| पेटेंट | 30,000 | | |
| वेतन | 28,000 | | |
| फर्नीचर | 12,000 | | |
| आहरण | 18,000 | | |
| किराया | 2,000 | | |
| देनदार | 80,000 | | |
| | 6,40,000 | | 6,40,000 |

समायोजनः

बकाया वेतन 12,000 रु., बकाया मजदूरी 6,000 रु., उपार्जित कमीशन 2,400 रु. ह्रास भवन पर 5% और सयन्त्र पर 3%, बीमा का पेशगी भुगतान 700 रु., अंतिम स्टॉक 12,000 रु.।

## मोहित ट्रेडर्स की पुस्तकें
### रोजनमचा

| तिथि | विवरण | | ब.पृ.सं. | नाम राशि रु. | जमा राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| 2017 | | | | | |
| 31 मार्च | वेतन खाता | नाम | | 12,000 | |
| | मजदूरी खाता | नाम | | 6,000 | |
| | बकाया वेतन खाते से | | | | 12,000 |
| | बकाया मजदूरी खाते से | | | | 6,000 |
| | (31 मार्च 2017 को वेतन व मजदूरी की अदत्त राशि) | | | | |
| 31 मार्च | पूर्वदत्त बीमा खाता | नाम | | 1,400 | |
| | बीमा खाते से | | | | 1,400 |
| | (बीमा का पेशगी भुगतान) | | | | |
| | उपार्जित कमीशन खाता | नाम | | 2,400 | |
| | कमीशन खाते से | | | | 2,400 |
| | (अप्राप्त उपार्जित कमीशन) | | | | |
| 31 मार्च | ह्रास खाता | नाम | | 7,400 | |
| | भवन खाते से | | | | 5,000 |
| | संयन्त्र खाते से | | | | 2,400 |
| | (भवन व संयन्त्र पर लगाया गया ह्रास) | | | | |
| 31 मार्च | लाभ व हानि खाता | नाम | | 1,23,700 | |
| | पूँजी खाते से | | | | 12,3700 |
| | (लाभ का पूँजी खाते में हस्तांतरण) | | | | |

### वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिये व्यापारिक और लाभ व हानि खाता

| व्यय/हानि | | राशि(रु.) | आगम/अधिगम | | राशि(रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | | 24,000 | विक्रय | 4,00,000 | |
| क्रय | 1,60,000 | | *घटाया:* वापसी | (4,000) | 3,96,000 |
| *घटाया:* क्रय वापसी | (2,000) | 1,58,000 | अंतिम स्टॉक | | 12,000 |
| मजदूरी | 22,000 | | | | |
| *जोड़ा* बकाया मजदूरी | 6,000 | 28,000 | | | |
| इंधन व उर्जा | | 18,000 | | | |
| आंतरिक ढुलाई भाड़ा | | 6,000 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 17,400 | | | |
| | | 4,08,000 | | | 4,08,000 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वेतन | 28,000 | | सकल लाभ आ/ले | | 1,74,000 |
| *जोड़ा:* बकाया वेतन | 12,000 | 40,000 | प्राप्त कमीशन | 4,000 | |
| बीमा | 8,000 | | *जोड़ा:* उपार्जित कमीशन | 2,400 | 6,400 |
| *घटाया:* पूर्वदत्त बीमा | (700) | 7,300 | | | |
| किराया | | 2,000 | | | |
| *ह्रास:* भवन | | 5,000 | | | |
| संयन्त्र | | 2,400 | | | |
| निवल लाभ (पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 1,23,700 | | | |
| | | 1,80,400 | | | 1,80,400 |

**31 मार्च 2017 को तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि (रु.)* | *परिसंपत्तियाँ* | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 64,000 | हस्तस्थ रोकड़ | 16,000 |
| देय विपत्र | | 20,000 | बैंक में रोकड़ | 32,000 |
| पूँजी | 1,50,000 | | भवन | 95,000 |
| *जोड़ा:* निवल लाभ | 1,23,700 | | संयन्त्र | 77,600 |
| | 2,73,700 | | पेटेन्ट | 30,000 |
| *घटाया* आहरण | (18,000) | 2,55,700 | देनदार | 80,000 |
| बकाया वेतन | | 12,000 | पूर्वदत्त बीमा | 700 |
| बकाया मजूदरी | | 6,000 | उपार्जित कमीशन | 2,400 |
| | | | फर्नीचर | 12,000 |
| | | | अंतिम स्टॉक | 12,000 |
| | | 3,57,700 | | 3,57,700 |

उदाहरण 5

निम्न सूचनायें मै. रणधीर ट्रांसपोर्ट कोरपोरेशन के तलपट से ली गई हैं:

| *नाम शेष* | *राशि* रु. | *जमा शेष* | *राशि* रु. |
|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | 40,000 | पूँजी | 2,70,000 |
| किराया | 2,000 | लेनदार | 50,000 |
| सयन्त्र व मशीनरी | 1,20,000 | देय विपत्र | 50,000 |
| भूमि व भवन | 2,55,000 | ऋण | 1,10,000 |
| क्रय | 75,000 | बट्टा | 1,500 |
| ऊर्जा | 3,500 | विक्रय | 1,50,000 |
| विक्रय वापसी | 2,500 | संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान | 1,000 |

© NCERT not to be republished

| | | | |
|---|---|---|---|
| तार व डाक | 400 | समान्य आयोजन | 50,000 |
| मजदूरी | 4,500 | | |
| वेतन | 2,500 | | |
| बीमा | 3,200 | | |
| बट्टा | 1,000 | | |
| मरम्मत व परिस्थापना | 2,000 | | |
| कानूनी व्यय | 700 | | |
| व्यापार कर | 1,200 | | |
| देनदार | 75,000 | | |
| विनियोग | 65,000 | | |
| डूबत ऋण | 2,000 | | |
| व्यापार व्यय | 4,500 | | |
| कमीशन | 1,250 | | |
| यात्रा व्यय | 1,230 | | |
| आहरण | 20,020 | | |
| | 6,82,500 | | 6,82,500 |

समायोजन:

(1) इस वर्ष का अंतिम स्टॉक 35,500
(2) सयन्त्र व मशीनरी पर 5% और भूमि व भवन पर 6% ह्रास लगायें।
(3) आहरण पर ब्याज 6% तथा ऋण पर ब्याज 5% की दर से लगायें।
(4) विनियोग पर ब्याज 4% की दर से लगायें।
(5) अन्य डूबत ऋण 2,500 तथा देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान करें।
(6) देनदारों पर बट्टा 2% की दर से लगायें।
(7) बकाया वेतन 200 रुपये
(8) बकाया मजदूरी 100 रुपये
(9) पूर्वदत्त बीमा 500 रुपये

आप 31 मार्च 2017 को व्यापारिक और लाभ व हानि खाता तथा तुलन-पत्र तैयार करें।

*हल*

**रणधीर ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की पुस्तकें**
**वर्षान्त 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिये व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

| *व्यय/हानि* | | *राशि(रु.)* | *आगम/अधिगम* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | | 40,000 | विक्रय | 1,50,000 | |
| क्रय | | 75,000 | *घटाया* विक्रय वापसी | (2,500) | 1,47,500 |
| मजदूरी | | 4,500 | अंतिम स्टॉक | | 35,500 |
| *जोड़ा* बकाया मजदूरी | 100 | 4,600 | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उर्जा | | 3,500 | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 59,900 | | |
| | | 1,83,000 | | 1,83,000 |
| किराया | | 2,000 | सकल लाभ आ/ले | 59,900 |
| तार व डाक | | 400 | विनियोग पर बकाया व्याज | 2,600 |
| वेतन | 2,500 | | बट्टा | 1,500 |
| *जोड़ा:* अदत्त वेतन | 200 | 2,700 | आहरण पर ब्याज | 1,200 |
| बीमा | 3,200 | | | |
| *घटाया:* पूर्वदत्त बीमा | (500) | 2,700 | | |
| बट्टा | | 1,000 | | |
| मरम्मत व प्रतिस्थापन व्यय | | 2,000 | | |
| कानूनी व्यय | | 700 | | |
| व्यापार कर | | 1,200 | | |
| व्यापार व्यय | | 4,500 | | |
| ऋण पर बकाया व्याज | | 5,500 | | |
| कमीशन | | 1,250 | | |
| यात्रा व्यय | | 1,230 | | |
| देनदारों पर वट्टा | | 1,450 | | |
| सयन्त्र व मशीनरी पर ह्रास | | 6,000 | | |
| भूमि व भवन पर ह्रास | | 15,300 | | |
| डूबत ऋण | 2,000 | | | |
| *जोड़ा:* अन्य डूबत ऋण | 2,500 | | | |
| *जोड़ा:* नया प्रावधान | 3,553 | | | |
| | 8,053 | | | |
| *घटाया:* पुराना प्रावधान | (1,000) | 7,053 | | |
| निवल लाभ (पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 10,217 | | |
| | | 65,200 | | 65,200 |

**31 मार्च 2017 को तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि (रु.)* | *परिसंपत्तियाँ* | | *राशि (रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 50,000 | देनदार | 75,000 | |
| देय विपत्र | | 50,000 | *घटाया:* अन्य डूबत ऋण | (2,500) | |
| ऋण | 1,10,000 | | | 72,500 | |
| *जोड़ा:* बकाया ब्याज | 5,500 | 1,15,500 | *घटाया:* बट्टा | (1,450) | |
| समान्य प्रावधान | | 50,000 | | 71,050 | |



© NCERT not to be republished

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी 2,70,000 | | | घटाया: नया प्रावधान (3,553) | 67,497 |
| जोड़ा: निवल लाभ 10,217 | | | विनियोग | 65,000 |
| 2,80,217 | | | विनियोग पर अप्राप्त ब्याज | 2,600 |
| घटाया: आहरण (20,020) | | | पूर्वदत्त बीमा | 5,00 |
| 2,60,197 | | | सयन्त्र व मशीनरी | 1,14,000 |
| घटाया: आहरण पर ब्याज (1,200) | 2,58,997 | | भूमि व भवन | 2,39,700 |
| बकाया वेतन | 200 | | अंतिम स्टॉक | 35,500 |
| बकाया मजदूरी | 100 | | | |
| | 5,24,797 | | | 5,24,797 |

उदाहरण 6

केशव ब्रदर्स से प्राप्त निम्न शेषों से 31 मार्च 2017 को आप व्यापारिक और लाभ व हानि खाता तथा तुलन-पत्र बनायें

| *नाम शेष* | *राशि(रु.)* | *जमा शेष* | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|
| सयन्त्र व मशीनरी | 1,30,000 | विक्रय | 3,00,000 |
| देनदार | 50,000 | क्रय वापसी | 2,500 |
| व्याज | 2,000 | लेनदार | 2,50,000 |
| मजदूरी | 1,200 | देय विपत्र | 70,000 |
| वेतन | 2,500 | संदिग्ध ऋण के लिये प्रावधान | 1,550 |
| आंतरिक ढूलाई भाड़ा | 500 | पूँजी | 2,20,000 |
| बाह्य ढूलाई भाड़ा | 700 | प्राप्त किराया | 10,380 |
| विक्रय वापसी | 2,000 | प्राप्त किराया | 16,000 |
| कारखाने का किराया | 1,450 | | |
| कार्यालय का किराया | 2,300 | | |
| बीमा | 780 | | |
| फर्नीचर | 22,500 | | |
| भवन | 2,80,000 | | |
| प्राप्य विपत्र | 3,000 | | |
| हस्तस्थ रोकड़ | 22,500 | | |
| बैंक में रोकड़ | 35,000 | | |
| कमीशन | 500 | | |
| आरंभिक स्टॉक | 60,000 | | |
| क्रय | 2,50,000 | | |
| डूबत ऋण | 3,500 | | |
| | 8,70,430 | | 8,70,430 |

© NCERT not to be republished

**समायोजन:**

(i) संदिग्ध ऋणों के लिये 5% की दर से प्रावधान करें, व अन्य डूबत ऋण 2,000 रु.,
(ii) अग्रिम प्राप्त किराया 6,000 रु.
(iii) पूर्वदत्त बीमा 200 रु.।
(iv) फर्नीचर पर 5%, सयन्त्र व मशीनरी पर 6%, भवन पर 7% ह्रास लगायें।

*हल*

**केशव ब्रदर्स की पुस्तकें**
**वर्षान्त 31 मार्च 2017 के लिये व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

| *व्यय/हानि* | | *राशि(रु.)* | *आगम/अधिगम* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | | 60,000 | विक्रय | 3,00,000 | |
| क्रय | 2,50,000 | | *घटाया* विक्रय वापसी | (2,000) | 2,98,000 |
| *घटाया* क्रय वापसी | (2,500) | 2,47,500 | अंतिम स्टॉक | | 70,000 |
| मजदूरी | | 1,200 | | | |
| आंतरिक ढूलाई भाड़ा | | 500 | | | |
| कारखाना किराया | | 1,450 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 57,350 | | | |
| | | 3,68,000 | | | 3,68,000 |
| ब्याज | | 2,000 | सकल लाभ आ/ले | | 57,350 |
| वेतन | | 2,500 | प्राप्त किराया | 10,380 | |
| बाह्य ढुलाई भाड़ा | | 700 | *घटाया* अग्रिम प्राप्त | (6,000) | 4,380 |
| कार्यालय का किराया | 2,300 | किराया | | | |
| बीमा | 780 | | प्राप्त कमीशन | | 16,000 |
| *घटाया* पूर्वदत्त बीमा | (200) | 580 | | | |
| फर्नीचर पर ह्रास | | 1,125 | | | |
| सयन्त्र व मशीनरी पर ह्रास | | 7,800 | | | |
| भवन पर ह्रास | | 19,600 | | | |
| कमीशन | | 500 | | | |
| डूबत ऋण | 3,500 | | | | |
| *जोड़ा* अतिरिक्त डूबत ऋण | 2,000 | | | | |
| *जोड़ा* नया प्रावधान | 2,400 | | | | |
| | 7,900 | | | | |
| *घटाया* पुराना प्रावधान | (1,550) | 6,350 | | | |
| निवल लाभ (पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 34,275 | | | |
| | | 7,77,730 | | | 7,77,730 |

© NCERT not to be republished

**31 मार्च 2017 को तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि (रु.)* | *परिसंपत्तियाँ* | *राशि(रु.)* | |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 2,50,000 | हस्तस्थ रोकड़ | | 22,500 |
| देय विपत्र | | 70,000 | बैंक में रोकड़ | | 35,000 |
| अग्रिम प्राप्त किराया | | 6,000 | प्राप्य विपत्र | | 3,000 |
| पूँजी | 2,20,000 | | पूर्वदत्त बीमा | (50,000) | 200 |
| जोड़ा निवल लाभ | 34,275 | 2,54,275 | *घटाया:* देनदार अन्य | (2,000) | |
| | | | डूबत ऋण | 48,000 | |
| | | | *घटाया:* नया प्रावधान | (2,400) | 45,600 |
| | | | संयन्त्र व मशीनरी | | 1,22,200 |
| | | | फर्नीचर | | 21,375 |
| | | | भवन | | 2,60,400 |
| | | | अंतिम स्टॉक | | 70,000 |
| | | 5,80,275 | | | 5,80,275 |

उदाहरण 7

निम्न सूचनायें फेयर ब्रदर्स लि. के तलपट से ली गई हैं आप 31 मार्च 2017 को व्यापारिक और लाभ व हानि खाता तथा तुलन-पत्र बनायें।

| *नाम शेष* | *राशि(रु.)* | *जमा शेष* | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|
| रोकड़ | 20,000 | विक्रय | 3,61,000 |
| मजदूरी | 45,050 | 12 % ऋण (2016) | 40,000 |
| विक्रय वापसी | 4,800 | प्राप्त बट्टा | 1,060 |
| डूबत ऋण | 4,620 | क्रय वापसी | 390 |
| वेतन | 16,000 | | |
| चुंगी | 1,000 | लेनदार | 60,610 |
| दान | 250 | पूँजी | 75,000 |
| मशीनरी | 32,000 | | |
| देनदार (अनादृत विपत्र 1,600 रुपये सहित) | 60,000 | | |
| स्टॉक | 81,600 | | |
| क्रय | 2,60,590 | | |
| मरम्मत | 3,350 | | |
| ऋण पर ब्याज | 12,00 | | |
| बिक्री कर | 1,600 | | |
| बीमा | 2,000 | | |
| किराया | 4,000 | | |
| | 5,38,060 | | 5,38,060 |

© NCERT not to be republished

**समायोजनः**

(1) 4,000 रुपये नयी मशीनरी को स्थापना में 1 अप्रैल 2016 को व्यय की गई मजदूरी सम्मिलत है।

(2) फर्नीचर पर 5% ह्रास लगायें।

(3) बकाया वेतन 1,600 रुपये।

(4) अंतिम स्टॉक 81,850 रुपये।

(5) देनदारों पर 5% का प्रावधान करें।

(6) विपत्र का आधी राशि ही प्राप्त हुई है।

(7) किराये का भुगतान 30 जून 2017 तक किया गया है।

(8) असमाप्त बीमा 600 रुपये।

*हल*

**फेयर ब्रदर्स की पुस्तकें**

**31 मार्च 2017 के लिये व्यापारिक और लाभ व हानि खाता**

| *व्यय/हानि* | | *राशि(रु.)* | *आगम/अधिगम* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | | 81,600 | विक्रय | 3,61,000 | |
| क्रय | 2,60,590 | | *घटायाः* विक्रय वापसी | (4,800) | 3,56,200 |
| *घटायाः* क्रय वापसी | (390) | 2,60,200 | अंतिम स्टॉक | | 81,850 |
| मजदूरी | 45,050 | | | | |
| *घटायाः* मशीनरी पर | | | | | |
| स्थापना मजदूरी | (4,000) | 41.050 | | | |
| चुंगी | | 1,000 | | | |
| सकल लाभ आ/ला | | 54,200 | | | |
| | | 4,38,050 | | | 4,38,050 |
| वेतन | 16,000 | | सकल लाभ आ/ले | | 54,200 |
| *जोड़ाः* बकाया वेतन | 1,600 | 17,600 | प्राप्त बट्टा | | 1,060 |
| मरम्मत | | 3,350 | | | |
| डूबत ऋण | 4,620 | | | | |
| *जोड़ाः* अतिरिक्त डूबत ऋण | 800 | | | | |
| *जोड़ाः* नया प्रावधान | 2,960 | 8,380 | | | |
| ऋण पर ब्याज | 1,200 | | | | |
| *जोड़ाः* बकाया ब्याज | 2,400 | 3,600 | | | |
| बिक्री कर | 1,600 | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| बीमा 2,000 | | | |
| *घटाया:* पूर्वदत्त बीमा (600) | 1,400 | | |
| दान 250 | | | |
| किराया 4,000 | | | |
| *घटाया:* पूर्वदत्त किराया (1,000) | 3,000 | | |
| मशीनरी पर ह्रास | 1,800 | | |
| निवल लाभ (पूँजी खाते में हस्तांतरित) | 14,280 | | |
| | 55,260 | | 55,260 |

**31 मार्च 2017 को तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि (रु.)* | *परिसंपत्तियाँ* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 60,610 | रोकड़ | | 20,000 |
| बकाया वेतन | | 1,600 | देनदार | 60,000 | |
| ऋण | | 40,000 | *घटाया:* डूबत ऋण | (800) | |
| बकाया ब्याज | | 2,400 | | 59,200 | |
| | | | *घटाया:* प्रावधान | (2,960) | |
| पूँजी | 75,000 | | | | 56,240 |
| जोड़ा निवल लाभ | 14,280 | 89,280 | पूर्वदत्त किराया | | 1,000 |
| | | | असमाप्त बीमा | | 600 |
| | | | मशीनरी | 32,000 | |
| | | | *जोड़ा:* स्थापना मजदूरी | 4,000 | |
| | | | | 36,000 | |
| | | | *घटाया:* ह्रास | (1,800) | 34,200 |
| | | | अंतिम स्टॉक | | 81,850 |
| | | 1,93.890 | | | 1,93.890 |

उदाहरण 8

निम्न शेष हरीहरन बद्रर्स की पुस्तकों से लिये गये हैं, आप 31 दिसंबर 2017 को व्यापारिक और लाभ व हानि खाता और तुलन–पत्र तैयार करें।

| *नाम शेष* | *राशि(रु.)* | *जमा शेष* | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | 16,000 | पूँजी | 1,00,000 |
| क्रय | 40,000 | विक्रय | 1,60,000 |
| विक्रय वापसी | 3,000 | क्रय वापसी | 800 |

© NCERT not to be republished

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंतरिक ढुलाई भाड़ा | 2,400 | परिच्क्षु प्रीमियम | 3,000 |
| बाह्य ढुलाई भाड़ा | 5,000 | देय विपत्र | 5,000 |
| मजदूरी | 6,600 | लेनदार | 31,600 |
| वेतन | 11,000 | | |
| किराया | 2,200 | | |
| भाड़ा व गोदी व्यय | 4,800 | | |
| अग्नि बीमा किस्त | 1,800 | | |
| डूबत ऋण | 4,200 | | |
| बट्टा | 1,000 | | |
| छपाई व लेखन सामग्री | 500 | | |
| दर व कर | 700 | | |
| यात्रा व्यय | 300 | | |
| व्यापार व्यय | 400 | | |
| व्यापारिक परिसर | 1,10,000 | | |
| फर्नीचर | 5,000 | | |
| प्राप्य विपत्र | 7,000 | | |
| देनदार | 40,000 | | |
| मशीन | 9,000 | | |
| ऋण | 10,000 | | |
| विनियोग | 6,000 | | |
| हस्तस्थ रोकड़ | 500 | | |
| बैंक में रोकड़ | 7,000 | | |
| स्वामी आहरण | 6,000 | | |
| | 3,00,400 | | 3,00,400 |

**समायोजनः**

1. अंतिम स्टॉक 14,000 रु.।
2. बकाया मजदूरी 600 रु., बकाया वेतन 1,200 रुपये, बकाया किराया 200 रुपये।
3. अग्नि बीमा प्रिमियम की राशि में 1,200 रु. सम्मिलित हैं जिसका भुगतान 01 जुलाई 2016 को 1 वर्ष के लिये किया जो कि 01 जुलाई 2016 से 30 जून 2017 तक है।
4. प्रशिक्षु प्रिमियम की राशि 01 जनवरी 2016 को 3 वर्ष के लिये अग्रिम प्राप्त की गई।
5. लेखन सामग्री का बिल 60 रुपये बकाया है।
6. परिसर पर 5%, फर्नीचर पर 10%, मशीनरी पर 10% की दर से ह्रास लगायें।
7. दिये गये ऋण पर एक वर्ष का 7% ब्याज अप्राप्य है।
8. विनियोग पर ब्याज 5% की दर से 6 महीने का 31 दिसंबर, 2016 तक अप्राप्त है।

© NCERT not to be republished

9. पूँजी पर व्याज 5% रु. की दर से एक वर्ष का दिया जायेगा।
10. वर्ष में किये गये आहरण पर ब्याज का निर्धारण 160 रु. किया गया।

*हल*

**हरिहरन ब्रदर्स की पुस्तकें**
**31 दिसंबर 2017 को समाप्त वर्ष के लिये व्यापार तथा लाभ व हानि खाता**

**नाम** **जमा**

| *व्यय/हानि* | | *राशि(रु.)* | *आगम/अधिगम* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | | 16,000 | विक्रय | 1,60,000 | |
| क्रय | 40,000 | | *घटाया:* विक्रय वापसी | (3,000) | 1,57,000 |
| *घटाया:* क्रय वापसी | (800) | 39,200 | अंतिम स्टॉक | | 14,000 |
| मजदूरी | 6,600 | | | | |
| *जोड़ा:* बकाया मजदूरी | 600 | 7,200 | | | |
| आंतरिक ढुलाई भाड़ा | | 2,400 | | | |
| भाड़ा व गोदी व्यय | | 4,800 | | | |
| सकल लाभ आ/ले | | 101,400 | | | |
| | | 1,71,000 | | | 1,71,000 |
| वेतन | 11,000 | | सकल लाभ आ/ला | | 1,01,400 |
| *जोड़ा:* बकाया वेतन | 1,000 | 12,000 | परिच्क्षु प्रिमियम | 3,000 | |
| बाह्य ढुलाई भाड़ा | | 5,000 | *घटाया:* अग्रिम प्रिमियम | (2,000) | 1,000 |
| दर व कर | | 700 | ऋण पर अप्राप्त व्याज | | 700 |
| छपाई व लेखन सामग्री | 500 | | आहरण पर ब्याज | | 160 |
| *जोड़ा:* बकाया बिल | 60 | 560 | विनियोग पर अप्राप्त व्याज | | 150 |
| व्यापार व्यय | | 400 | | | |
| यात्रा व्यय | | 300 | | | |
| अग्नि बीमा | 1,800 | | | | |
| *घटाया:* अग्रिम बीमा | (600) | 1,200 | | | |
| डूबत ऋण | 4,200 | | | | |
| किराया | 2,200 | | | | |
| *जोड़ा:* बकाया किराया | 200 | 2,400 | | | |
| पूँजी पर व्याज | | 5,000 | | | |
| परिसर पर ह्रास | | 5,500 | | | |
| फर्नीचर पर ह्रास | | 500 | | | |
| मशीनरी पर ह्रास | | 900 | | | |
| बट्टा | | 1,000 | | | |
| निवल लाभ (पूँजी खाते में हस्तांतरित) | | 63,750 | | | |
| | | 1,03,410 | | | 1,03,410 |

**31 दिसंबर 2017 को तुलन-पत्र**

| *दायित्व* | | *राशि (रु.)* | *परिसंपत्तियाँ* | | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी | 1,00,000 | | परिसर | 1,10,000 | |
| *जोड़ा:* पूँजी पर ब्याज | 5,000 | | *घटाया:* ह्रास | (5,500) | 1,04,500 |
| *जोड़ा:* निवल लाभ | 63,750 | | फर्नीचर | | 4,500 |
| | 1,68,750 | | मशीनरी | | 8,100 |
| *घटाया:* आहरण | (6,000) | | देनदार | | 40,000 |
| | 1,62,750 | | प्राप्य विपत्र | | 7,000 |
| *घटाया:* आहरण पर ब्याज | (160) | 1,62,590 | हस्तस्थ रोकड़ | | 500 |
| लेनदार | | 31,600 | बैंक में रोकड़ | | 7,000 |
| देय विपत्र | | 5,000 | ऋण | 10,000 | |
| बकाया मजदूरी | | 600 | *जोड़ा:* अप्राप्त व्याज | 700 | 10,700 |
| बकाया वेतन | | 1,000 | विनियोग | 6,000 | |
| बकाया किराया | | 200 | *जोड़ा:* अप्राप्त व्याज | 150 | 6,150 |
| बकाया लेखन सामग्री बिल | | 60 | अग्रिम बीमा | | 600 |
| प्ररिच्छ्रु प्रिमियम (अग्रिम) | | 2,000 | अंतिम स्टॉक | | 14,000 |
| | | 2,03,050 | | | 2,03,050 |

उदाहरण 9

निम्न शेष कोलकाता लिमिटेड के तलपट से लिये गये हैं आप 31 मार्च 2017 को व्यापारिक और लाभ व हानि खाता बनायें। इस तिथि को तुलन-पत्र भी तैयार करें।

| *नाम शेष* | *राशि(रु.)* | *जमा शेष* | *राशि(रु.)* |
|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक | 6,000 | पूँजी | 20,000 |
| फर्नीचर | 1,200 | विक्रय | 41,300 |
| आहरण | 2,800 | क्रय वापसी | 4,000 |
| हस्तस्थ रोकड़ | 3,000 | बैंक अधिविकर्ष | 4.000 |
| क्रय वापसी | 24,000 | संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान | 400 |
| विक्रय वापसी | 2,000 | लेनदार | 5,000 |
| स्थापना व्यय | 4,400 | कमीशन | 100 |
| डूबत ऋण | 1,000 | देय विपत्र | 5,100 |
| देनदार | 10,000 | प्ररिच्छ्रु प्रीमियम | 500 |
| ढुलाई | 1,000 | | |
| प्राप्य विपत्र | 6,000 | | |
| बैंक जमा | 8,000 | | |



© NCERT not to be republished

| | | | |
|---|---|---|---|
| मजदूरी | 1,000 | | |
| व्यापार व्यय | 500 | | |
| बैंक शुल्क | 400 | | |
| साधारण व्यय | 1,000 | | |
| वेतन | 2,000 | | |
| बीमा | 1,500 | | |
| डाक व तार | 500 | | |
| किराया, दर व कर | 2,000 | | |
| कोल, गैस व पानी | 2,000 | | |
| | 80,300 | | 80,300 |

समायोजन:

1. बकाया वेतन 100 रुपये, किराया व कर 200 रुपये, मजदूरी 100 रुपये ।
2. असमाप्त बीमा 500 रुपये।
3. अग्रिम प्राप्त कमीशन 50 रुपये।
